# आयुक्त झारिया ने सफाई व 4 लेन निर्माण का निरीक्षण किया

## - सफाई कार्य में लापरवाही बरतने पर होगी दण्डात्मक कार्यवाही - चारा जब्त कर गौशाला की गायों को खिलाया

• रतलाम

...नगर पालिक निगम ... निर्देशानुसार शहर में ... में निर्माणाधीन 4 लेन ... निगरानी रखी जाकर ... है।

...द्वारा प्रातः कार्यपालन ... साथ दो बत्ती से काला ... सड़क निर्माण कार्य ... कार्य की प्रगति की ... श्री झारिया ने ठेकेदार ... के एक ओर चल रहे ... दिवस में पूर्ण करें तथा ... का भी विशेष ध्यान ... वॉटर निकासी हेतु ... के निर्देश दिए, ताकि ... सुगमता होकर जल ...

...आयुक्त श्री झारिया ने ... का निरीक्षण किया





व निरीक्षण के दौरान अन्दर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश कार्यपालन यंत्री श्री जायसवाल को दिए।

इसके पश्चात निगम आयुक्त श्री झारिया ने शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए चौमुखी पुल क्षेत्र में चल रहे नाला सफाई कार्य का निरीक्षण कर कार्यपालन यंत्री जायसवाल को निर्देशित किया कि नाले के पानी के बहाव में सुगमता हो, इस हेतु कार्य योजना तैयार की जाए, इसके अलावा घांस बाजार में नाले के क्रॉस ड्रेन क्षतिग्रस्त होने से उसके नव निर्माण हेतु भी निर्देशित किया।

त्रिवेणी क्षेत्र की सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान गौशाला के सामने खुले में चारा विक्रय होता पाए जाने पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने संबंधितों को चारा जब्त कर उसी समय गौशाला की गायों को खाने हेतु कर्मचारियों के द्वारा डाला गया।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने चारा विक्रय करने वालों को निर्देशित किया कि भविष्य में चारा विक्रय करते पाए जाने पर जुर्माने की कार्यवाही कर ठेला व चारा जब्त कर लिया जाएगा। क्षेत्र में स्वच्छंद रूप से मवेशी विचरण करते पाए जाने पर स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह को निर्देशित किया कि मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही तत्परता से की जाए, इस कार्य में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने स्वास्थ्य अधिकारी श्री सिंह को निर्देशित किया कि नगर के प्रत्येक वार्ड में सफाई कर्मचारियों के नाम, पदनाम, मोबाईल नम्बर, हाजरी का स्थल, वार्ड प्रभारी, झोन प्रभारी, स्वास्थ्य अधिकारी के नाम एवं मोबाईल नम्बर की जानकारी का फ्लेक्स होर्डिंग आज की तारीख में अनिवार्य रूप से लगवाए, ताकि सभी को कर्मचारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त हो सके कि उनके वार्ड में सफाई कार्य हेतु कौन-कौन व कितने संख्या में कर्मचारी कार्यरत है।

प्रसारण

प्रसारण 9/6/21

# नगरीय क्षेत्र में 266 कनटेंनमेंट झोन बनाए

प्रसारण न्यूज * रतलाम

कोविड-19 कोरोना संक्रमण की रोकथाम हेतु जिला कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार ऐसे क्षेत्र जहां कोरोना संक्रमित मिल रहे है, उस क्षेत्र को कनटेनमेंट झोन बनाया जा रहा है, जिसके तहत अब तक 266 कनटेंनमेंट झोन बनाये जा चुके है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में 11 से 08 जून तक टाटा नगर में 2, तेजा नगर में 2, ओझाखाली, प्रताप नगर, प्रताप नगर एक्टेंशन, प्रताप नगर एक्टेंशन में मकान नम्बर 5, 19 व 30, ऑफिसर्स कॉलोनी, बालाजी नगर, थावरिया बाजार, वकील कालोनी, ब्राम्हणों का वास, वेदव्यास कालोनी में 4, गुलमोहर कॉलोनी, देवरादेव नारायण नगर, जवाहर नगर, डोंगरे नगर, मोहन नगर, अलकापुरी अम्बे चौक के पास, आदर्श नगर गली नम्बर 3, सुनाना ड्रीम होम्स सुमंगल गार्डन के पास, कस्तुरबा नगर मुख्य मार्ग पर 2, दीनदयाल नगर मुख्य मार्ग, दीनदयाल नगर मकान नम्बर 38 व 196, दीनदयाल नगर राधा-कृष्ण स्कूल के पास, शास्त्री नगर में 2, राजपूत बोर्डिंग के पास 2, महेश नगर, सनसिटी कॉलोनी, दीनदयाल नगर सी सेक्टर में 1 व जी सेक्टर में 2, धीरजशाह नगर गली नम्बर 4 में 1 व गली नम्बर 5 में 2, सिलावटो का वास, कस्तुरबा नगर पीएण्डटी कोलोनी, अम्बिका नगर, राजीव नगर, सुयोग परिसर, थावरिया बाजार, वेदव्यास कालोनी अभिलाषा अपार्टमेन्ट, खटीक मोहल्ला, दीनदयाल नगर डी सेक्टर, तेजा नगर गली नम्बर 4, नेमीनाथ नगर, गौशाला रोड, सुतारो का वास, जवाहर नगर, जनता नगर, अलकापुरी, भोयरा बावड़ी, ताहेरपुरा, अलकापुरी मुख्य मार्ग, कस्तुरबा नगर सांवरिया स्वीट् के पास, जवाहर नगर, बाणेश्वरी कॉलोनी, नेमीनाथ नगर, दीनदयाल नगर बी सेक्टर, तेजा नगर गली नम्बर 4 आदर्श गुरु कल्याण नगर, रिद्धी-सिद्धी कालोनी, सिद्धांचलम एक्सटेंशन, महेश नगर, इन्द्रा नगर, सैनिक कालोनी, टाटा नगर गली नम्बर 1 व 8, सिलावटो का वास अन्न क्षेत्र, करमदी रोड, सुदामा परिसर, अजंता पेलेस, राजस्व कालोनी, खटीक मोहल्ला, हाथीखाना, खटीक मोहल्ला, गौशाला रोड, जाटो का वास, नौलाईपुरा, टाटा नगर गली नम्बर 7, अरिहंत परिसर सेक्टर नम्बर 2 में 2 व 1 में 1, नूरी नगर उंकाला रोड, सुरजमल जैन नगर, लक्ष्मीनगर ए कालोनी, एम.बी. नगर, लक्ष्मणपुरा पीएनटी कालोनी गली नम्बर 1, ग्लोबस टाउन शिप, अलकापुरी एम.आई.जी. 24 व 25 व अलकापुरी डी 27 व बी 279, हिम्मत विहार कालोनी, अशोक नगर, करण नगर, जूनी कलालसेरी, दीनदयाल नगर एफ सेक्टर, वेदव्यास कालोनी, ताहेरपुरा, श्रीमालीवास, जवाहर नगर व मोहन नगर में 2 कन्टेनमेंट, हाथीखाना, खान बावड़ी, गुलमोहर कालोनी, रामदेवजी की घाटी, दीनदयाल नगर सी सेक्टर, करण नगर, जूनी कलालसेरी, कल्याण नगर, गांधी नगर, डोंगरे, इन्द्रा नगर, दीनदयाल नगर डी, ई व एफ सेक्टर, हिम्मत नगर में 2, महेश नगर, जवाहर नगर, अम्बेडकर नगर, कोमल नगर, मित्र निवास रोड, टीआईटी रोड पर 2, गुलमोहर कालोनी, महू रोड रायल कालेज के पास पटेल हाउस, आमलिया भेरू, रत्नपुरी, न्यू ग्लोबस सिटी, पीएनटी कालोनी, वीआईपी नगर, भोई मोहल्ला, जावरा रोड सीतला माता मंदिर, शास्त्री नगर रतलाम हास्पीटल के पास, लक्ष्मी नगर, जैन कालोनी नागरवास, महू रोड अविष्कार अपार्टमेन्ट, पीएनटी कालोनी, काटजू नगर, सिद्धांचलम, प्रताप नगर, धभाई जी का वास, दीनदयाल नगर ए सेक्टर, कोठारीवास, दो बत्ती पुलिस लाईन, जावरा रोड, जावरा रोड सीतला माता मंदिर, धीरजशाह नगर गली नम्बर 4, गांधी नगर, सनसिटी, तिरूपति नगर, देवरा देव नारायण नगर, रेहमत नगर, प्रताप नगर, दीनदयाल नगर, राम मंदिर के पास, मराठो का वास, मोचीपुरा, हाट रोड, राजस्व कालोनी, मिड टाउन कालोनी, सुरजमल जैन नगर, सुदामा नगर गली नम्बर 4, रामगढ़, दीनदयाल नगर बी सेक्टर, जवाहर नगर, राजीव नगर, सज्जन विहार कालोनी, मित्र निवास रोड, एकता नगर, काजीपुरा, भगतपुरी मुख्य मार्ग, ऋषभदेव नगर, रेलवे कालोनी, कस्तुरबा नगर, जवाहर नगर, पीएनटी कालोनी, इन्द्रा नगर, डोंगरे नगर, नागरवास, आबकारी रोड, नजर बाग बैंक कालोनी, चांदनी चौक, शिवधाम परिसर रत्नेश्वर रोड, सम्यक ग्लोबस सिटी, जावरा रोड, रेहमत नगर, प्रताप नगर, घटला कालोनी, डोसीगांव पी.एम. आवास योजना फ्लेट, कांग्रसी मोहल्ला बाजना बस स्टैण्ड, अशोक नगर, टाटा नगर गली नम्बर 2, कस्तुरबा नगर, अलकापुरी, जवाहर नगर, जाटो का वास, 2 मुंह की बावड़ी, महालक्ष्मी नगर, दीनदयाल नगर, इन्द्रा नगर, जवाहर नगर, सिलावटो का वास, भगतसिंह कालोनी, जवाहर नगर, प्रताप नगर, मौलाना आजाद नगर, नयागांव राजगढ़, जाटो का वास, पत्रकार कालोनी, ईदगाह रोड, टाटा नगर गली नम्बर 5 व 6, रेहमत नगर, डीजल शेड, महावीर नगर, मंगलम् सिटी, कस्तुरबा नगर, नयागांव गणेश नगर, मित्र निवास रोड, मोचीपुरा, कलीमी कालोनी, इन्द्रा नगर, गंगासागर, शहर सराय, कसारा बाजार में 3, चौमुखी पुल क्षेत्र में 2, धनजीभाई का नोहरा, मित्र निवास रोड, मिल्लत नगर, तैलियों की सड़क, शांति निकेतन, सुभाष नगर, टीआईटी रोड, कस्तुरबा नगर, लोकेन्द्र भवन रोड़ बैंक कॉलोनी में कनटेन्मेंट झोन बनाए गए है, इस तरह 29 दिवस में 266 कनटेनमेंट झोन रतलाम नगरीय क्षेत्र में बनाए गए हैं।

# जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण होगा

## आगामी 3 सालों में 65 नवीन स्वास्थ्य संस्थाएं प्रारंभ होंगी

### कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ समिति की बैठक संपन्न

रतलाम। रतलाम जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का नियोजित ढंग से सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। राज्य शासन द्वारा जिले में नई स्वास्थ्य संस्थाओं को मंजूरी दी गई है जिनका अनुमोदन जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक ने किया गया।

कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्वास्थ समिति की बैठक में बताया गया कि आगामी 3 सालों में 65 नवीन स्वास्थ संस्थाओं का प्रारंभ किया जाएगा। इनमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा उप स्वास्थ्य केंद्र सम्मिलित हैं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षी सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे, डीपीएम डॉ. अजहर अली, जिला टीकाकरण अधिकारी वर्षा कुरील, एपिडेमियोलॉजिस्ट श्री गौरव बोरीवाल, डॉ. प्रमोद प्रजापति, जिले के खंड चिकित्सा अधिकारी तथा विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि वर्ष 2021-22 से लेकर 2023 तक की कार्य योजना के तहत जिले में 4 नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाए जाएंगे। इसी वर्ष सैलाना विकासखंड के ग्राम सरवन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपग्रेड किया जाएगा। इसी प्रकार 14 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा 47 नवीन उपस्वास्थ्य केंद्र आरंभ किए जाएंगे, इससे ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाएं बेहतर रूप से मुहैया हो सकेंगी।

कलेक्टर द्वारा जिले में कोविड-19 टीकाकरण की भी समीक्षा की गई। बाजना, सैलाना तथा आलोट में प्रगति कमजोर पाई गई। कलेक्टर द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को माइक्रो प्लानिंग के निर्देश दिए गए। सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिस प्रकार चुनाव में कार्य किया जाता है उसी प्रकार वैक्सीनेशन के लिए कार्य किया जाए। बुधवार कर्मचारी तैनात किए जाएं। ग्राम पंचायत के सचिव तथा पटवारी के पास सूची अपडेट रहे, उनके पास जानकारी हो कि गांव में कितने लोगों को वैक्सीन नहीं लगा है।

आयुष्मान कार्ड निर्माण की भी समीक्षा की गई। निर्देश दिए कि उचित मूल्य दुकानों पर आयुष्मान कार्ड निर्माण के कैंप लगाए जाएं। कलेक्टर ने कहा कि उचित मूल्य की दुकानों पर आयुष्मान कार्ड के पात्र परिवारों का डाटा बेहतर रूप से प्राप्त हो सकेगा। अनमोल पोर्टल पर डाटा एंट्री की समीक्षा के दौरान कलेक्टर द्वारा पाया गया एएनएम के माध्यम से कराई जाने वाली डाटा एंट्री कार्य में रुचि नहीं ली जा रही है। इस पर कलेक्टर द्वारा साथ नाराजगी व्यक्त की जाकर निर्देशित किया गया कि डाटा एंट्री में कोताही नहीं बरती जाए।

स्वतंत्र विचार 9/6/21

२५



# शहर कांग्रेस कमेटी ने विभिन्न मांगों को लेकर जिलाधीश को सौंपा ज्ञापन

प्रसारण न्यूज • रतलाम

कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने एक ज्ञापन जिलाधीश को दिया। ज्ञापन में मांग की है कि कांग्रेस द्वारा करोना काल में राजनीति से परे हटकर सर्वजन की मदद हेतु कार्य किया गया है, उसके उपरांत भी प्रशासन द्वारा उनकी अनदेखी की जा रही है। नगर निगम द्वारा वार्ड स्तर पर आपदा समितियां बनाई गई, उसमें सिर्फ भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों को लिया गया, कांग्रेस के निर्वाचित प्रतिनिधियों को भी अवसर नहीं दिया गया। इसी प्रकार शासन ने मुफ्त राशन के लिए पात्रता पर्चियां बनाई, नगर निगम द्वारा अपने कर्मचारियों से ना वितरित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों को सौंप दी गई है।

वैक्सीनेशन केंद्र बनाने की अनुशंसा भी राजनीतिक आधार पर की जा रही है। गांधी नगर में सर्व सुविधायुक्त अंबेडकर भवन को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी मंडल कार्यालय पर केंद्र बनाया गया, जो कि राजनीतिक लाभ पहुंचाने के हिसाब से बनाया गया। साथ ही श्री कटारिया ने रतलाम शहर को पूर्णतया खोलने की की मांग की है, ताकि शहर की व्यापारिक गतिविधियां ठीक ठाक चल सकें।

प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों की अंतिम किस्त बाकी है, वह जल्द से जल्द देने का आग्रह किया गया, ताकि वर्षाकाल के पूर्व छत का कार्य पूर्ण कर सकें। ज्ञापन देने में साथ में मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल सचिव रजनीकांत व्यास, ब्लॉक अध्यक्ष कमरुद्दीन कछवाहा, यंग ब्रिगेड सेवादल अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा उपस्थित थे।

प्रसारण 7/6/21

# कोरोना काल में भी प्रशासन द्वारा कांग्रेस की अनदेखी की गई

## कांग्रेस अध्यक्ष ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन



रतलाम ● स्वदेश समाचार

कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने जिलाधीश को ज्ञापन सौंपकर बताया कि कांग्रेस द्वारा कोरोना काल में राजनीति से परे हटकर सर्वजन की मदद हेतु कार्य किया गया है। उसके उपरांत भी प्रशासन द्वारा उनकी अनदेखी की जा रही है।

उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा वार्ड स्तर पर आपदा समितियां बनाई गई। उसमें सिर्फ भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों को लिया गया। कांग्रेस के निर्वाचित प्रतिनिधियों को भी अवसर नहीं दिया गया। इसी प्रकार शासन ने मुफ्त राशन के लिए पात्रता पर्चियां बनाई, नगर निगम द्वारा अपने कर्मचारियों से ना वितरित कराते हुए भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों को सौंप दी गई है। वैक्सीनेशन केंद्र बनाने की अनुशंसा भी राजनीतिक आधार पर की जा रही है। गांधीनगर में सर्वसुविधायुक्त आंबेडकर भवन को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी मंडल कार्यालय पर केंद्र बनाया गया जो कि राजनीतिक लाभ पहुंचाने के हिसाब से बनाया गया, साथ ही श्री कटारिया ने रतलाम शहर को पूर्णतया खोलने की की मांग की है। ताकि शहर की व्यापारिक गतिविधियां ठीकठाक चल सके। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों की अंतिम किस्त बाकी है, वह जल्द से जल्द देने का आग्रह किया गया ताकि वर्षा काल के पूर्व छत का कार्य पूर्ण कर सकें। ज्ञापन देने में साथ में मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल सचिव रजनीकांत व्यास, ब्लॉक अध्यक्ष कमरुद्दीन कछवाहा, यंग ब्रिगेड सेवादल अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा उपस्थित थे।

स्वदेश

## सौ से अधिक सब्जी, फल विक्रेताओं का वैक्सीनेशन हुआ

रतलाम। रतलाम शहर में फल एवं सब्जी विक्रेताओं के लिए मंगलवार को विशेष वैक्सीनेशन कैंप डीआरएम ऑफिस दो बत्ती रतलाम पर आयोजित किया गया। इसमें सौ से अधिक सब्जी विक्रेताओं ने वैक्सीनेशन करवाया। इसके अतिरिक्त 50 से अधिक फल एवं सब्जी विक्रेता पूर्व से वैक्सीनेशन करवा चुके थे, यहां पहुंचे और उन्होंने अपने पंजीयन कार्ड पर वैक्सीनेट होने की सील लगवाई। एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया कि बुधवार को इस सेंटर पर फल एवं सब्जी विक्रेताओं का पंजीयन तो किया ही जाएगा, साथ ही शहर के बस, मैजिक, आटो चालकों का वैक्सीनेशन भी किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया है कि अपने क्षेत्र में आने वाले फल एवं सब्जी विक्रेता के पंजीयन कार्ड पर वैक्सीनेशन होने की सील अवश्य देखें, ताकि वे भी सुरक्षित रहें और विक्रेता को भी सुरक्षित कर सकें। जिन विक्रेताओं के पंजीयन कार्ड पर वैक्सीनेशन की सील नहीं देखे, उन्हें वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करें। इसी प्रकार बस, मैजिक, ऑटो चालकों को भी वैक्सीनेशन के उपरांत वैक्सीनेशन का पत्र प्रदर्शित करना होगा। सवारी इन वाहनों पर उक्त पंजीयन पत्र देखकर ही सफर करें। 09/06/21

### ऑटो, मैजिक, बस चालकों का भी वैक्सीनेशन

## 100 से अधिक सब्जी, फल विक्रेताओं का हुआ वैक्सीनेशन

रतलाम @ पत्रिका. शहर में फल एवं सब्जी विक्रेताओं के लिए मंगलवार को विशेष वैक्सीनेशन कैंप डीआरएम ऑफिस दो बत्ती पर आयोजित किया गया। इसमें 100 से अधिक सब्जी विक्रेताओं ने वैक्सीनेशन करवाया। इसके अतिरिक्त 50 से अधिक फल एवं सब्जी विक्रेता पूर्व से वैक्सीनेशन करवा चुके थे, यहां पहुंचे और उन्होंने पंजीयन कार्ड पर वैक्सीनेट होने की सील लगवाई।

एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया कि बुधवार को इस सेंटर पर फल एवं सब्जी विक्रेताओं का पंजीयन तो किया ही जाएगा, साथ ही शहर के बस, मैजिक, आटो चालकों का वैक्सीनेशन भी किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया है कि अपने क्षेत्र में आने वाले फल एवं सब्जी विक्रेता के पंजीयन कार्ड पर वैक्सीनेशन होने की सील अवश्य देखें, ताकि वे भी सुरक्षित रहें और विक्रेता को भी सुरक्षित कर सकें। जिन विक्रेताओं के पंजीयन कार्ड पर वैक्सीनेशन की सील नहीं देखे, उन्हें वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करें। सवारी इन वाहनों पर उक्त पंजीयन पत्र देखकर ही सफर करें। जहां यह पत्र नहीं देखें उन्हें वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करें।

## मेडिकल कॉलेज में अब 68 पेशेंट भर्ती

रतलाम । शासकीय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में मंगलवार को
ल 68 पेशेंट भर्ती थे। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने
या कि मंगलवार को 6 पेशेंट डिस्चार्ज हुए वहीं 2 मरीजों को भर्ती
या गया। आईसीयू में 56 में से 21 बेड पर पेशेंट भर्ती है। एचडीयू में
2 में से 16 बेड पर मरीज भर्ती है। ऑक्सीजन बेड 180 में से 26 पर
शेंट भर्ती है। नॉन ऑक्सीजन बेड 142 में से 6 बेड पर पेशेंट भर्ती है।
ल 68 पेशेंट भर्ती हैं जिनमें से 37 कोरोना पाजिटिव है तथा शेष
ऑक्सीजन लेवल एवं अन्य समस्याओं वाले हैं। मेडिकल कॉलेज में
आज रिक्त बेड 482 रहे। रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार टोटल रिसीव
7580, डिस्ट्रीब्यूट 1557, कन्ज्यूमड 5925, करंट स्टाक 98 रहा।

## 45 प्लस को कोविशिल्ड के दोनों डोज का टीकाकरण अलकापुरी कम्युनिटी हॉल पर

रतलाम। सीएमएचओ डॉक्टर प्रभाकर ननावरे ने बताया कि रतलाम
शहर में 9 जून बुधवार को 45 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को
केवल जन्म दिनांक दर्शाने वाले आईडी के आधार पर सीधे आन स्पाट
बुकिंग के आधार पर टीके लगाए जाएंगे। इसके लिए शहर में कम्युनिटी
हॉल अलकापुरी रतलाम पर 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों क
कोविशिल्ड के पहले और दूसरे डोज का टीकाकरण किया जाएगा।

## वैक्सीनेशन प्रोत्साहन पहल के तहत बुधवार को तीन स्थानों पर होगा टीकाकरण

रतलाम। शहर में टीकाकरण प्रोत्साहन पहल के अंतर्गत 45 वर्ष से
अधिक आयु के व्यक्ति को साथ लाकर टीकाकरण कराने पर 18 से 44
वर्ष आयु समूह के व्यक्ति का टीकाकरण बिना प्रि स्लॉट बुकिंग के किया
जा सकेगा। 9 जून को टीकाकरण प्रोत्साहन पहल के अंतर्गत टीकाकरण
के लिए रतलाम शहर में 3 स्थान निर्धारित है। सरस्वती शिशु मंदिर
काटजू नगर रतलाम, रंगोली परिसर गीता मंदिर रोड तथा राजपूत बोर्डिंग
शास्त्री नगर रतलाम पर कोविशिल्ड का टीकाकरण किया जाएगा। यदि
18 प्लस व्यक्ति को 45 प्लस का कोई परिजन नहीं मिल रहा है तो उनके
लिए शहर में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से करवाए गए सर्वे
की सूची भी तैयार की गई है। इसमें वार्डवार एवं आंगनवाड़ी केंद्रवार उन
व्यक्तियों की जानकारी है जो 45 वर्ष से अधिक के हैं और जिन्होंने अभी
तक वैक्सीनेशन नहीं करवाया है। 18 प्लस के व्यक्ति संबंधित वार्ड के
आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से 45 प्लस के व्यक्ति से संपर्क कर
उन्हें अपने साथ ले जाकर इस पहल के तहत टीकाकरण का लाभ ले
सकते हैं। एसडीएम श्री गेहलोत ने बताया कि टीकाकरण प्रोत्साहन
पहल कार्यक्रम के लिए 45 वर्ष से अधिक आयु के किसी भी व्यक्ति को
साथ में लाया जा सकता है और 18 से 44 वर्ष आयु समूह के व्यक्ति बिना
प्री ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग के टीका लगवा सकते हैं।

## प्रोत्साहन पहल के शहर में तीन केंद्र निर्धारित

रतलाम. शहर में टीकाकरण प्रोत्साहन पहल के अंतर्गत 45 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को साथ लाकर टीकाकरण कराने पर 18 से 44 वर्ष आयु समूह के व्यक्ति का टीकाकरण बिना प्रि स्लॉट बुकिंग के किया जा सकेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि बुधवार को टीकाकरण प्रोत्साहन पहल के अंतर्गत टीकाकरण के लिए रतलाम शहर में तीन स्थान निर्धारित है। शहर में सरस्वती शिशु मंदिर काटजू नगर रतलाम, रंगोली परिसर गीता मंदिर रोड रतलाम तथा राजपूत बोर्डिंग शास्त्री नगर रतलाम पर कोविशिल्ड का टीकाकरण किया जाएगा। टीकाकरण प्रोत्साहन पहल कार्यक्रम के लिए 45 वर्ष से अधिक आयु के किसी भी व्यक्ति को साथ में लाया जा सकता है और 18 से 44 वर्ष आयु समूह के व्यक्ति बिना प्री ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग के टीका लगवा सकते हैं।

### विशेष टीकाकरण सत्र आज

रतलाम. जिले में बुधवार को विशेष कोविड टीकाकरण सत्र का आयोजन किया जाएगा। सत्र ऑफिसर्स क्लब डीआरएम ऑफिस दो बत्ती के पास रतलाम पर आयोजित किया जाएगा। टीकाकरण सत्र में ऐसे सब्जी व फल वितरक जिनका नगर पालिका निगम रतलाम में पंजीकरण किया जा चुका है, तथा हेयर सैलून कार्य करने वाले ऐसे लोग जिनका नाम हेयर सलून (सैन समाज) संगठन समूह सूची में है। इसके अतिरिक्त ऑटो-रिक्शा चालक यूनियन के पंजीकृत सदस्य , मैजिक-टैंपो यूनियन के पंजीकृत सदस्य, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव जो एमआर यूनियन में पंजीकृत है, उनका भी टीकाकरण किया जाएगा।

## खाली होने लगा मेडिकल कॉलेज का अस्पताल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल अब पूरी तरह से खाली होने लगा है। हर दिन बड़ी संख्या में मरीज यहां से ठीक होकर घर जा रहे हैं। वहीं नए मरीजों की संख्या में लगातार कमी हो रही है। इसी के चलते में मंगलवार को अस्पताल में महज 68 मरीज ही भर्ती थे। डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को 6 मरीज डिस्चार्ज हुए। वहीं 2 मरीजों को भर्ती किया गया। आईसीयू में 56 में से 21 बेड पर मरीज भर्ती है। एचडीयू में 172 में से 16 बेड पर मरीज भर्ती है। ऑक्सीजन बेड 180 में से 26 पर मरीज भर्ती है। नॉन ऑक्सीजन बेड 142 में से 6 बेड पर मरीज भर्ती है। कुल 68 मरीज भर्ती हैं जिनमें से 37 कोरोना पाजिटिव है तथा शेष ऑक्सीजन लेवल एवं अन्य समस्याओं वाले हैं। मेडिकल कॉलेज में आज रिक्त बेड 482 रहे।


## मेडिकल कॉलेज में 482 बेड खाली, 68 मरीज भर्ती

रतलाम | हमारे मेडिकल कॉलेज की स्थिति लगातार सुधर रही है। मंगलवार को कॉलेज में 482 बेड खाली थे। कॉलेज के अस्पताल में सिर्फ 68 मरीज ही भर्ती थे। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को 6 मरीज को डिस्चार्ज किया गया। वहीं 2 नए मरीज कॉलेज में भर्ती भी हुए हैं। मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में 56 में से 21 बेड पर मरीज भर्ती हैं। एचडीयू में 172 में से 16 बेड पर मरीजों को भर्ती किया गया है। ऑक्सीजन बेड 180 हैं, इसमें से 26 बेड पर मरीजों को भर्ती किया गया है। नॉन ऑक्सीजन बेड 142 हैं, इसमें से 6 बेड पर मरीज भर्ती हैं।

## कम्युनिटी हॉल पर कोविशिल्ड के दोनों डोज का टीकाकरण

रतलाम. शहर में बुधवार को 45 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को केवल जन्म दिनांक दर्शाने वाले आई डी के आधार पर सीधे आन स्पाट बुकिंग के आधार पर टीके लगाए जाएंगे। इसके लिए रतलाम शहर में कम्युनिटी हॉल अलकापुरी रतलाम पर 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का कोविशिल्ड के पहले और दूसरे डोज का टीकाकरण किया जाएगा। कोविशिल्ड के पहले और दूसरे टीके के मध्य 84 दिन का अंतर होना अनिवार्य है।

# बाजार खुले तो प्रशासन के नियम भी हो गए अनलॉक



रतलाम. अनलॉक की इस प्रकि या के दौर में हर दिन शहर के जिम्मेदार नागरिक नियमों का जमकर मखौल उड़ा रहे हैं। प्रशासन के द्वारा एक दिन छोड़कर एक दिन बाजार खोलने की अनुमति दी गई है, वह भी कई व्यापारियों को रास नहीं आ रही है। यही कारण है कि बाजार के यह जिम्मेदार लोग अपना नंबर नहीं होने पर भी दुकान का आधा शटर खोलकर नियमों को ही अनलॉक कर बैठे हैं। अनलॉक के दूसरे सप्ताह के दूसरे दिन भी बाजार में इस कदर भीड़ नजर आई मानो हालात पूरी तरह से सामान्य हो चुके हैं और अब बीमारी आएगी ही नहीं। लोगों की यह लापरवाही उनकी और परिवार की जान पर भारी भी पड़ सकती है लेकिन इन सब से अनजान होकर घूमते नजर आ रहे हैं।

# शहर के सौ से अधिक सब्जी, फल विक्रेताओं का वैक्सीनेशन हुआ

प्रसारण न्यूज * रतलाम

## बुधवार को ऑटो, मैजिक, बस चालकों का भी वैक्सीनेशन होगा

शहर में फल एवं सब्जी विक्रेताओं के लिए मंगलवार को विशेष वैक्सीनेशन कैंप डीआरएम ऑफिस दो बत्ती रतलाम पर आयोजित किया गया। इसमें सौ से अधिक सब्जी विक्रेताओं ने वैक्सीनेशन करवाया। इसके अतिरिक्त 50 से अधिक फल एवं सब्जी विक्रेता पूर्व से वैक्सीनेशन करवा चुके थे, यहां पहुंचे और उन्होंने अपने पंजीयन कार्ड पर वैक्सीनेट होने की सील लगवाई।

एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया कि बुधवार को इस सेंटर पर फल एवं सब्जी विक्रेताओं का पंजीयन तो किया ही जाएगा, साथ ही शहर के बस, मैजिक, आटो चालकों का वैक्सीनेशन भी किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया है कि अपने क्षेत्र में आने वाले फल एवं सब्जी विक्रेता के पंजीयन कार्ड पर वैक्सीनेशन होने की सील अवश्य देखें, ताकि वे भी सुरक्षित रहें और विक्रेता को भी सुरक्षित कर सकें। जिन विक्रेताओं के पंजीयन कार्ड पर वैक्सीनेशन की सील नहीं देखे, उन्हें वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करें। इसी प्रकार बस, मैजिक, ऑटो चालकों को भी वैक्सीनेशन के उपरांत वैक्सीनेशन का पत्र प्रदर्शित करना होगा। सवारी इन वाहनों पर उक्त पंजीयन पत्र देखकर ही सफर करें।जहां यह पत्र नहीं देखें उन्हें वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करें।

प्रसारण 9/6/21



# आयुक्त ने गौशाला के सामने चारा बेचने वालों पर कार्रवाई की, जब्त चारा गायों को खिलाया

रतलाम ● स्वदेश समाचार

त्रिवेणी क्षेत्र की सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान गौशाला के सामने खुले में चारा विक्रय होता पाए जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने संबंधितों का चारा जब्त कर उसी समय गौशाला की गायों को खाने हेतु कर्मचारियों के द्वारा डाला गया।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने चारा विक्रय करने वालों को निर्देशित किया कि भविष्य में चारा विक्रय करते पाए जाने पर जुर्माने की कार्रवाई कर ठेला व चारा जब्त कर लिया जाएगा। क्षेत्र में स्वच्छंद रूप से मवेशी विचरण करते पाए जाने पर स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह को निर्देशित किया कि मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई तत्परता से की जाए इस कार्य में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

श्री झारिया ने शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए चौमुखी पुल क्षेत्र में चल रहे नाला सफाई कार्य का निरीक्षण कर कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया कि नाले के पानी के बहाव में सुगमता हो इस हेतु कार्ययोजना तैयार की जाए इसके अलावा घास बाजार में नाले के क्रॉस ड्रेन क्षतिग्रस्त होने से उसके नव निर्माण हेतु भी निर्देशित किया।

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने स्वास्थ्य अधिकारी श्री सिंह को निर्देशित किया कि नगर के प्रत्येक वार्ड में सफाई कर्मचारियों के नाम, पदनाम, मोबाइल नम्बर, हाजरी का स्थल, वार्ड प्रभारी, झोन प्रभारी, स्वास्थ्य अधिकारी के नाम एवं मोबाइल नम्बर की जानकारी का फ्लेक्स होर्डिंग आज की तारीख में अनिवार्य रूप से लगवाएं ताकि सभी को

स्वदेश
9/6/12

# सहूलियत : 45+ का मालूम करने के लिए आंगनवाड़ी से मिलेगी वार्ड की सूची

भास्कर संवाददाता | रतलाम

प्रशासन जिले में वन प्लस वन स्कीम चला रहा है, यानी 18+ का कोई व्यक्ति यदि अपने साथ 45+ के व्यक्ति को लाता है तो 18+ को




बिना स्लॉट बुकिंग के वैक्सीन लगाई जाएगी। लेकिन अब भी कुछ लोग ऐसे हैं जिन्हें कोई 45+ का साथ नहीं मिल रहा है। ऐसे लोगों के लिए प्रशासन ने एक रास्ता और दिया है।

शहर में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से करवाए गए सर्वे की सूची भी तैयार की है, इसमें वार्डवार व आंगनवाड़ी केंद्रवार उन लोगों की जानकारी है, जो 45+ के हैं लेकिन अब तक उन्हें वैक्सीन नहीं लगी है। ऐसे व्यक्ति से संपर्क कर उन्हें अपने साथ ले जाकर टीका लगवा सकते हैं। एसडीएम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया 45 साल से ज्यादा आयु के किसी भी व्यक्ति को साथ लाया जा सकता है।

# सीवरेज की खुदाई मे नीम व बादाम के दो पेड़ काट दिए

रतलाम | मंगलवार शाम को सीवरेज लाइन की खुदाई के दौरान न्यू रोड पर नीम व बादाम के पेड़ काट दिए गए। जबकि इन पेड़ों के पास ही बिजली का पोल लगा हुआ है। उसे नहीं छेड़ा गया। पर्यावरणविद व समाजसेवी अश्वनी शर्मा ने बताया सीवरेज लाइन के ठेकेदार के कर्मचारियों ने मशीन के माध्यम से पेड़ काटे गए। विकास के नाम पर पेड़ों की कटाई की जा रही है और अनुमति ली तो भी इसके एवज में उनकी दूसरी प्लानिंग है तो हमें बताएं वे कहां और किस-किस रूप में पेड़-पौधे लगाएंगे। सामाजिक संस्था दिन रात मेहनत कर पौधों को बड़ा कर उन्हें पेड़ का रूप दे रही है और वे काट रहे हैं। यह मेंटेनेंस के नाम पर कब तक पेड़ काटते रहेंगे। उन्होंने मांग की है कि मेंटेनेंस के नाम पर पेड़ काटने वाले ऐसी व्यवस्था क्यों नहीं लाते हैं जिससे पेड़ भी बच जाएं और विकास भी हो जाए।

दै. भास्कर 9/6/21

# मेडिकल कॉलेज में अब 68 पेशेंट भर्ती

रतलाम। शासकीय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में मंगलवार को केवल 68 पेशेंट भर्ती थे। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को 6 पेशेंट डिस्चार्ज हुए वहीं 2 मरीजों को भर्ती किया गया। आईसीयू में 56 में से 21 बेड पर पेशेंट भर्ती है। एचडीयू में 172 में से 16 बेड पर मरीज भर्ती है। ऑक्सीजन बेड 180 में से 26 पर पेशेंट भर्ती है। नॉन ऑक्सीजन बेड 142 में से 6 बेड पर पेशेंट भर्ती है। कुल 68 पेशेंट भर्ती हैं जिनमें से 37 कोरोना पाजिटिव है तथा शेष ऑक्सीजन लेवल एवं अन्य समस्याओं वाले है। मेडिकल कॉलेज में आज रिक्त बेड 482 रहे। उन्होंने बताया कि आज रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार टोटल रिसीव 7580, डिस्ट्रीब्यूट 1557, कन्ज्यूमड 5925, करंट स्टाक 98 रहा।

# बड़ी राहत : जलकर, संपत्तिकर सहित अन्य कर जमा पर अब नहीं चुकाना होगी पेनल्टी

## कोरोना संक्रमण के बाद लॉकडाउन को देख राज्य सरकार ने लिया फैसला

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर के बीच राहत की खबर आई है। वह यह कि जलकर, संपत्तिकर सहित नगर निगम के अन्य कर चुकाने पर आपको पेनल्टी नहीं चुकाना होगी। कोरोना को देखते सरकार ने यह फैसला लिया है। ग्राहक 31 जुलाई तक कर एवं उपभोक्ता प्रभार का भुगतान करेंगे तो उन्हें अप्रैल से जून तक की अवधि का अधिभार (सरचार्ज) नहीं देना पड़ेगा।

**बिजली बिलों पर चुकाना होगी पेनल्टी :** राज्य सरकार ने निगम के करों को लेकर तो फैसला ले लिया लेकिन बिजली बिलों पर किसी प्रकार की कोई राहत नहीं मिली है। इससे 5 जून के बाद जो भी उपभोक्ता बिजली का बिल जमा करा रहे हैं उन्हें पेनल्टी चुकाना होगी। इससे बिजली बिलों की पेनल्टी को लेकर फैसला हो तो उपभोक्ताओं को कोरोना काल में राहत मिल सकती है।

### जानिए, किस कर में आपको किस तरह मिलेगी छूट

**जलकर-** जलकर की भी पेनल्टी माफ कर दी है। इस कर तथा अधिभार की राशि 10 हजार रुपए तक बकाया है तो अधिभार में 100 फीसदी की छूट। जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 10 हजार से अधिक तथा 50 हजार तक बकाया है। उनमें मात्र अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट और जल उपभोक्ता प्रभार/जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार से अधिक बकाया होगी उनमें मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

**संपत्तिकर-** संपत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार रुपए तक बकाया है। उनमें अधिभार में 100 फीसदी की छूट मिलेगी। संपत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि एक लाख रुपए तक बकाया होगी उनमें मात्र अधिभार में 50 फीसदी और संपत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि एक लाख रुपए से अधिक बकाया होगी। उनमें मात्र अधिभार में 25 फीसदी की छूट मिलेगी।

**निगम संपत्तियों का किराया-** नगर निगम की संपत्तियों के भू-भाटक/किराये पर भी पेनल्टी नहीं लगेगी। ऐसे प्रकरण जिनमें अधिभार सहित कुल देय राशि 20 हजार रुपए तक बकाया है। उनमें अधिभार में 100 फीसदी की छूट मिलेगी। ऐसे प्रकरण जिनमें अधिभार सहित कुल देय राशि 20 हजार रुपए से 50 हजार रुपए तक बकाया है। उनमें मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत और परिसंपत्तियों के भू-भाटक/किराए के ऐसे प्रकरण जिनमें अधिभार सहित कुल देय राशि 50 हजार से अधिक बकाया होगी उनमें मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

दै. भास्कर 9/6/21

---

**20 लाख को लाभ**

# बड़ी राहत: नगरीय निकाय नहीं वसूल सकेंगे अधिभार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

भोपाल. सरकार ने शहरी उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। जुलाई तक का संपत्तिकर, जलकर सहित टैक्स जमा करने पर उपभोक्ताओं को अब अप्रैल, मई और जून का अधिभार नहीं देना पड़ेगा। सरकार ने यह निर्णय कोरोना कर्फ्यू से ऑफिस बंद होने और लोगों के आवाजाही पर बंदिशें होने के चलते लिया है।

इस निर्णय से प्रदेश के करीब 20 लाख उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा। नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग ने निकायों को निर्देश दिए हैं कि इसका पालन 7 जून से ही करना शुरू कर दें। इस संबंध में अगर उपभोक्ताओं की तरफ से किसी तरह से शिकायतें आती हैं तो संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही राजस्व वसूली में लगे अधिकारियों और जोन प्रभारियों को भी इस संबंध में अवगत करने के लिए निकायों को निर्देश दिए गए हैं। वहीं राजस्व प्रभारियों को कहा गया है कि वे तिमाही राजस्व वसूली पर विशेष जोर दें, जिससे निकायों की आर्थिक स्थिति मजबूत बनी रहे।

### कलेक्टर के आदेश के बाद उतरे इंजीनियरों के साथ सड़क पर

# सफाई देखने निकले आयुक्त ने जब्त करवाया पशुधन का चारा



रतलाम. कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश के बाद निगम के अधिकारी अब जागे है व शहर में सफाई कार्य व दो बत्ती क्षेत्र में निर्माणाधीन 4 लेन सड़क निर्माण कार्य पर सतत् निगरानी रखी जाकर निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ शहर में सुबह निरीक्षण किया व गाय के चारे को सड़क पर पाए जाने पर जब्त करने की कार्रवाई करवाई है।

निगम आयुक्त झारिया द्वारा मंगलवार सुबह कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल के साथ दो बत्ती क्षेत्र में निर्माणाधीन सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण करने गए व ठेकेदार से कार्य की प्रगति की जानकारी ली। ठेकेदार को निर्देशित किया सड़क के एक ओर चल रहे निर्माण का कार्य 3 दिवस में पूर्ण करें तथा कार्य की तीव्रता के साथ गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखें। स्टॉम वॉटर निकासी हेतु पाईप ढलान में डालने के निर्देश दिये ताकि पानी के बहाव में सुगमता होकर जल भराव की स्थिति उत्पन्न ना हो।

इस अवसर पर निगम आयुक्त झारिया ने कोठारी मार्केट के अन्दर के हिस्से का निरीक्षण किया व निरीक्षण के दौरान अन्दर दुकानदारों द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटाने के निर्देश कार्यपालन यंत्री जायसवाल को कहा। चौमुखी पुल क्षेत्र में चल रहे नाला सफाई कार्य का निरीक्षण कर कार्यपालन यंत्री जायसवाल को कहा नाले के पानी के बहाव में सुगमता हो कार्ययोजना तैयार करने के अलावा घास बाजार में नाले के क्रॉसड्रेन क्षतिग्रस्त होने से नए निर्माण को कहा।

त्रिवेणी क्षेत्र की सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान गौशाला के सामने खुले में चारा विक्रय होता पाये जाने पर निगम आयुक्त झारिया ने संबंधितों को चारा जब्त कर उसी समय गौशाला की गायों को खाने हेतु कर्मचारियों के द्वारा डाला गया।

पत्रिका 9/6/21

# अब टीकाकरण में गति आएगी गरीब न करें राशन की चिंता

भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)। मध्य प्रदेश में कोविड टीकाकरण के काम में अब गति आएगी। 18 से 44 वर्ष आयु समूह को केंद्र सरकार की ओर से निशुल्क टीका लगवाया जाएगा। इससे टीकाकरण अभियान व्यवस्थित संचालित होगा। वहीं, गरीबों को राशन की चिंता करने की जरूरत भी नहीं है। नवंबर 2021 तक प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के माध्यम से सभी पात्र उपभोक्ताओं को निशुल्क राशन दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इन दो निर्णय के लिए कैबिनेट बैठक से पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रियों को संबोधन में आभार जताया। साथ ही बताया किसानों को उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग भी खरीदी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा 18 से 44 वर्ष के आयु समूह के लिए राज्यों को टीकाकरण अभियान चलाने के लिए कहा गया था, लेकिन इसमें परेशानियां आ रही थीं। राज्य टीका निर्माता कंपनियों पर दबाव बना रहे थे। इससे टीकाकरण अभियान व्यवस्थित रूप नहीं ले पा रहा था। इसे देखते हुए टीकाकरण केंद्र सरकार द्वारा संचालित करने का जो निर्णय लिया है, वो अभियान को गति देगा। अभी तक किसी भी नई बीमारी की वैक्सीन देश में बनना तो दूर उपलब्ध ही नहीं होती थी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारे वैज्ञानिकों के प्रयासों से स्वदेशी वैक्सीन प्राप्त हुई है। उन्होंने जूनियर डाक्टरों की हड़ताल को लेकर कहा, अब गतिरोध खत्म हो गया है। सभी डाक्टर काम पर आ गए हैं। ग्रीष्मकालीन मूंग की कीमतों में लगातार हो रही गिरावट को देखते हुए सरकार 15 जून से समर्थन मूल्य पर मूंग खरीद करेगी। इसके लिए मंगलवार को पंजीयन प्रारंभ कर दिया है। मुख्यमंत्री ने कोरोनाकाल में जनता द्वारा किए गए व्यवहार, आपदा प्रबंधन समूह, सांसद, विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के सहयोग को लेकर भी आभार जताया।

## टीकाकरण की स्थिति साफ करे सरकार : नाथ

भोपाल। प्रदेश में कोविड टीकाकरण अभियान की गति इतनी धीमी है कि अभी तक एक करोड़ 11 लाख लोगों को पहला और 18.57 लाख लोगों को दूसरा डोज लगा है। दूसरी ओर अनलाक की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इससे जोखिम और बढ़ गया है। सरकार को टीकाकरण को लेकर की स्थिति साफ करना चाहिए। साथ ही यह भी बताना चाहिए कि भोपाल में सभी दुकानदार और उनके कर्मचारियों को टीका लगाने की क्या कार्ययोजना है। यह सवाल पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से पूछा है।

# 45 प्लस वर्ग में टीके से वंचित लोग की वार्ड वार सूची तैयार

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में टीकाकरण प्रोत्साहन पहल के अंतर्गत 45 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को लाने पर 18 से 44 वर्ष आयु समूह के व्यक्ति का भी टीकाकरण बगैर स्लाट बुकिंग के किया जा रहा है। अब प्रशासन ने 45 प्लस वर्ग में टीके से शेष रह गए लोगों की सूची वार्ड वार व आंगनवाड़ी केंद्र वार तैयार की है। 18 प्लस के व्यक्ति इस सूची के आधार पर 45 प्लस वाले व्यक्ति को लाकर स्वयं भी टीका लगवा सकते हैं।

मालूम हो कि शहर में 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में करीब 80 हजार लोग हैं। इसमें से 68 प्रतिशत लोगों को टीका लग चुका है। वार्डवार सूची में अभी 7943 लोग ऐसे चिन्हित किए गए हैं, जिन्होंने टीका नहीं लगवाया है। एसडीएम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया कि यदि 18 प्लस व्यक्ति को 45 प्लस का कोई स्वजन नहीं मिल रहा है तो उनके लिए शहर में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से सूची भी तैयार की गई है। इसमें वार्ड एवं आंगनवाड़ी केंद्रवार उन व्यक्तियों की जानकारी है जो 45 वर्ष से अधिक के हैं और जिन्होंने अभी तक वैक्सीनेशन नहीं करवाया है। 18 प्लस के व्यक्ति संबंधित वार्ड के आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से 45 प्लस के व्यक्ति से संपर्क कर उन्हें अपने साथ ले जाकर इस पहल के तहत टीकाकरण का लाभ ले सकते हैं।



राजपूत बोर्डिंग में टीका लगवाते हुए गोपालसिंह गेहलोत। • नईदुनिया

**बुधवार को तीन केंद्रों पर टीकाकरण**

टीकाकरण प्रोत्साहन पहल में बुधवार को शहर में सरस्वती शिशु मंदिर काटजू नगर, रंगोली परिसर गीता मंदिर रोड तथा राजपूत बोर्डिंग शास्त्री नगर पर कोविशील्ड का टीकाकरण किया जाएगा। 45 प्लस कोविशील्ड के दोनों डोज का टीकाकरण अलकापुरी कम्युनिटी हाल पर किया जाएगा।

**45 प्लस वर्ग में टीके वंचित लोगों की स्थिति**

वार्ड 01 में 279, 02 में 334, 03 में 221, 04 में 97, 05 में 144, 07 में 152, 08 में 181, 09 में 197, 10 में 240, 11 में 164, 12 में 05, 13 में 05, 16 में 219, 17 में 248, 18 में 136, 19 में 302, 20 में 148, 21 में 80, 22 में 254, 23 में 167, 24 में 552, 25 में 243, 26 में 166, 27 में 238, 28 में 342, 29 में 231, 30 में 267, 35 में 181, 36 में 61, 37 में 160, 38 में 216, 39 में 353, 42 में 200, 43 में 100, 44 में 81, 45 में 04, 46 में 384, 47 में 381, 48 में 157, 49 में 33 लोग टीका लगवाने से वंचित है। वार्ड 06, 14, 15, 31, 32, 33, 34, 40 व 41 में संख्या 00 है।

## 18 से 44 वर्ष वर्ग में नौ केंद्र, सुबह 8 से 8 :30 बजे साइट खुलेगी

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि 18 से 44 वर्ष आयु समूह के अंतर्गत आनलाइन प्री स्लाट बुकिंग पर शहर में नौ केंद्रों पर टीके लगाए जाएंगे। प्री स्लाट बुकिंग के लिए बुधवार सुबह आठ बजे से 8 :30 के मध्य साइट खोली जाएगी।

रतलाम शहर में माहेश्वरी भवन कसेरा बाजार, आइएमए हाल राजेंद्र नगर, सूरज हाल वेद व्यास कालोनी, गुरु नानक सिंधु भवन विरियाखेड़ी रोड, रोटरी क्लब अजंता टाकीज रोड, काश्यप सभागृह सागोद रोड, कंकू मंत्रम भवन एमपीईबी कालोनी औद्योगिक क्षेत्र, अग्रवाल विद्या मंदिर जवाहर नगर रतलाम, लायंस हाल रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे कोविशील्ड के टीके लगाए जाएंगे।

नईदुनिया 9/6/21

## निगम अधिकारियों की बैठक लेकर दिए निर्देश

# 15 दिनों में सफाई व्यवस्था में अनिवार्य रूप से सुधार करें : कलेक्टर

प्रसारण न्यूज • रतलाम



शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार लाये जाने हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के साथ सफाई व्यवस्था से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर 15 दिवस में अपने स्तर पर सुधार लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर व प्रशासक पुरुषोत्तम ने आयोजित बैठक में कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के 49 वार्डों के प्रत्येक घरों से कचरा संग्रहण किया जा रहा है, तो शहर के विभिन्न स्थानों, सड़कों, नाले-नालियों आदि में कचरा क्यों दिखाई दे रहा है? उन्होंने निर्देशित किया कि रूट चार्ट अनुसार कचरा संग्रहण वाहन घर-घर से कचरा संग्रहण का कार्य करें व इसकी पूरी निगरानी जी पी एस से की जाए, साथ ही वाहन के चालक व हैल्पर समय पर अपने कर्त्तव्य स्थल पर उपस्थित रहे व समय पर वाहन वार्डों में लेकर जाएं।

बैठक में कलेक्टर पुरुषोत्तम ने कहा कि कचरा संग्रहण वाहन से घर-घर से 100 प्रतिशत कचरा संग्रहण हो, यह जिम्मेदारी नियुक्त पर्यवेक्षक व झोन प्रभारी की है, वे यह कार्य सतर्कता के साथ करें।

कलेक्टर पुरुषोत्तम ने झोन प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे वार्ड में कार्यरत सफाई संरक्षकों का ड्यूटी आदेश बनाएं व आदेश अनुसार कर्मचारियों से सफाई का कार्य लेवें, कर्मचारी यदि आदेश अनुसार कार्य नहीं करता है, तो अपने उच्च अधिकारी को इसकी जानकारी देवें।

शहर की सफाई व्यवस्था के संबंध में स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह से जानकारी लेकर कलेक्टर पुरुषोत्तम ने कहा कि वे झोन प्रभारी, वार्ड प्रभारी व सफाई संरक्षकों पर कन्ट्रोल कर सफाई का कार्य लेवें। उन्होंने निर्देशित किया सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, शहर में कहीं भी गंदगी दिखाई देती है, तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

आयोजित बैठक में कलेक्टर पुरुषोत्तम ने शहर की सफाई व्यवस्था को चुस्त-दुरूस्त बनाए जाने हेतु सफाई व्यवस्था से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि, वे 15 दिनों में अपने स्तर पर सफाई व्यवस्था में आवश्यक रूप से सुधार कर लेंवे, अन्यथा संबंधित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द व्यास, जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी के अलावा निगम अधिकारी सत्यप्रकाश आचार्य, एम.के. जैन, जसवन्त जोशी, सुभाष गोयल, रामचन्द शर्मा, सुहास पंडित, बी. एम. चौधरी, राजेश पाटीदार, सिद्धार्थ सोनी, विकास मरकाम, ब्रजेश कुशवाह, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, नितिन तिवारी, धर्मेन्द्र दोगाया, देवेन्द्र पुरोहित, पर्वत हाड़े, किरण चौहान, विनय चौहान, विराट मेहरा आदि उपस्थित थे।

प्रसारण 9/6/21

# युद्ध स्तर पर चल रहा है नाले-नालियों की सफाई का कार्य

प्रसारण न्यूज • रतलाम

**- 6 नालों की सफाई का कार्य जारी - नालों की सफाई उपरांत किया जा रहा है कीटनाशक दवा का छिड़काव**



वर्षा ऋतु के पूर्व नगर के समस्त नाले-नालियों की सफाई करवाए का कार्य निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा दिए गए निर्देश के तहत निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है, साथ ही नालों की सफाई उपरान्त कीटनाशक दवा का छिड़काव भी किया जा रहा है।

निगम आयुक्त श्री झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अलकापुरी, मोमिनपुरा, नगर निगम के पीछे से बाईजी का वास तक, शास्त्री नगर, चौमुखी पुल व बोहरा बाखल वाले नाले की सफाई का कार्य स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह के निर्देशन में जेसीबी मशीन, ट्रेक्टर ट्राली व गैंग के माध्यम से किया गया व सफाई उपरान्त नालों व नालियों में केसोलिक व ब्लीचिंग कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया।

# निगम आयुक्त झारिया ने सफाई व 4 लेन निर्माण का निरीक्षण

## - सफाई कार्य में लापरवाही बरतने पर होगी दण्डात्मक कार्यवाही - चारा जब्त कर गौशाला की गायों

**प्रसारण न्यूज़ • रतलाम**

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार शहर में सफाई कार्य व दो बत्ती क्षेत्र में निर्माणाधीन 4 लेन सड़क निर्माण कार्य पर सतत् निगरानी रखी जाकर निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है।

निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा प्रातः कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल के साथ दो बत्ती से काला घोड़ा चौराहा तक निर्माणाधीन सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण कर ठेकेदार से कार्य की प्रगति की जानकारी ली। निगम आयुक्त श्री झारिया ने ठेकेदार को निर्देशित किया सड़क के एक ओर चल रहे सड़क निर्माण का कार्य 3 दिवस में पूर्ण करें तथा कार्य की तीव्रता के साथ गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखें। इस अवसर पर उन्होंने स्ट्रॉम वॉटर निकासी हेतु पाईप उचित ढलान में डालने के निर्देश दिए, ताकि बारिश के पानी के बहाव में सुगमता होकर जल भराव की स्थिति उत्पन्न ना हो।

इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने कोठारी मार्केट के अन्दर के हिस्से का निरीक्षण किया





व निरीक्षण के दौरान अन्दर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश कार्यपालन यंत्री श्री जायसवाल को दिए।

इसके पश्चात निगम आयुक्त श्री झारिया ने शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए चौमुखी पुल क्षेत्र में चल रहे नाला सफाई कार्य का निरीक्षण कर कार्यपालन यंत्री जायसवाल को निर्देशित किया कि नाले के पानी के बहाव में सुगमता हो, इस हेतु कार्य योजना तैयार की जाए, इसके अलावा घांस बाजार में नाले के क्रॉस ड्रेन क्षतिग्रस्त होने से उसके नव निर्माण हेतु भी निर्देशित किया।

त्रिवेणी क्षेत्र की सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान गौशाला के सामने खुले में चारा विक्रय होता पाए जाने पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने संबंधितों को चारा जब्त कर उसी समय गौशाला की गायों को खाने हेतु कर्मचारियों के द्वारा डाला गया।

निगम आयुक्त
वालों को निर्देशित
करते पाए जाने पर
चारा जब्त कर लिय
मवेशी विचरण करते
ए.पी. सिंह को नि
पकड़ने की कार्यवा
में किसी प्रकार की

निरीक्षण के दौ
स्वास्थ्य अधिकारी
नगर के प्रत्येक वा
पदनाम, मोबाईल
प्रभारी, झोन प्रभारी,
मोबाईल नम्बर की
आज की तारीख में
सभी को कर्मचारि
सकें कि उनके वार्ड
कितने संख्या में क

प्रसारण

प्रसारण 9/6/21

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कोविड की स्थिति और व्यवस्थाओं की समीक्षा की

# कोविड अनुकूल व्यवहार और वैक्सीनेशन पर दें विशेष ध्यान

### अनलॉक प्रक्रिया पर रखें पूरी नजर

प्रसारण न्यूज • भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना संक्रमण पूर्ण रूप से समाप्त हो और दोबारा न बढ़े, इसके लिए आवश्यक है कि हर व्यक्ति कोविड अनुकूल व्यवहार करे और वैक्सीन लगवाए, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रत्येक जिले में अनलॉक प्रक्रिया पर पूरी नजर रखी जाए। कहीं भी कोविड प्रोटोकॉल का उल्लंघन न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए लोगों को जागरूक करने के साथ ही सख्ती भी की जाए।

मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मंत्रालय में कोरोना की स्थिति और व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, डीजीपी विवेक जौहरी और अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान उपस्थित थे।

**कोरोना के 535 नए मरीज–** प्रदेश में कोरोना के 535 नए प्रकरण आए हैं, 1376 व्यक्ति स्वस्थ हुए हैं और एक्टिव मरीजों की संख्या 7 हजार 983 है। प्रदेश की 7 दिनों की औसत पॉजिटिविटी दर 0.9% और आज की पॉजिटिविटी दर 0.7% है।

**अब अस्पतालों में 3 हजार 462 मरीज–** प्रदेश के कुल एक्टिव मरीजों में से 4 हजार 521 होम आयसोलेशन और 3 हजार 462 अस्पतालों में हैं। अस्पताल में भर्ती मरीजों में से एक हजार 421 आई.सी.यू. में, 1326 ऑक्सीजन बेड्स पर और 715 सामान्य बिस्तरों पर हैं।

**7 जिलों में 10 से अधिक प्रकरण–** प्रदेश में 7 जिलों में कोरोना के 10 से अधिक प्रकरण आए हैं। इंदौर में 179, भोपाल में 124, जबलपुर में 46, रतलाम में 13,



ग्वालियर में 12, खरगोन में 11 और अनूपपुर में 11 नए प्रकरण आए हैं।

**5 जिलों में ही 1 प्रतिशत से अधिक पॉजिटिविटी दर–** प्रदेश के पाँच जिलों इंदौर, भोपाल, जबलपुर, रतलाम और बैतूल जिलों में एक प्रतिशत से अधिक साप्ताहिक पॉजिटिविटी दर है। शेष 47 जिलों में एक प्रतिशत से कम साप्ताहिक औसत पॉजिटिविटी दर है।

**6 जिलों में शून्य और 4 जिलों में एक-एक प्रकरण–** प्रदेश के 6 जिलों अलीराजपुर, भिंड, छतरपुर, कटनी, सिंगरौली और टीकमगढ़ में कोरोना का कोई प्रकरण नहीं आया है। चार जिलों अशोकनगर, मुरैना, सीहोर और श्योपुर में एक-एक नए प्रकरण आए हैं। अलीराजपुर कोरोना मुक्त है।

**वैक्सीनेशन के प्रति जन-जागरूकता लाएं–** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि कोरोना वैक्सीनेशन के प्रति लोगों में जागरूकता लाई जाए। इससे संबंधित सभी भ्रान्तियों को दूर किया जाए, 18 प्लस के हर व्यक्ति का वैक्सीनेशन हो और वैक्सीन का एक भी डोज बेकार नहीं जाए।

प्रसारण 9/6/21

प्रभात

# नगरीय निकायों के विभिन्न करों के अधिभार में मिलेगी 100 प्रतिशत तक की छूट

प्रभातप्रन्यूज़ • भोपाल

नागरिकों के हितों को दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि ऐसे नागरिक जो 31 जुलाई, 2021 तक नगरीय निकायों को कर एवं उपभोक्ता प्रभार आदि का भुगतान करेंगे, उन्हें 3 माह अप्रैल से जून, 2021 तक की अवधि के अधिभार (सरचार्ज) नहीं देने होंगे।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि वैश्विक महामारी कोरोना के कारण रोजगार-धंधे सहित अन्य क्षेत्रों में आयी गिरावट के कारण नागरिकों द्वारा नगरीय निकायों के करों एवं उपभोक्ता प्रभारों के भुगतान में कठिनाई महसूस की जा रही है। उन्होंने कहा है कि इन परिस्थितियों के मद्देनजर विभिन्न करों के अधिभार में छूट देने का निर्णय लिया गया है। श्री सिंह ने बताया है कि कोरोना की प्रथम लहर के दौरान भी इस तरह की छूट नागरिकों को दी गयी थी।

संपत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार रूपये तक बकाया होगी उनमें मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट मिलेगी। संपत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि एक लाख रूपये तक बकाया होगी उनमें मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत और संपत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि एक लाख रूपये से अधिक बकाया होगी उनमें मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

नगरीय निकायों द्वारा व्ययन की गयी परिसंपत्तियों के भू-भाटक/किराये के ऐसे प्रकरण जिनमें अधिभार सहित कुल देय राशि 20 हजार रूपये तक बकाया होगी उनमें मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट, नगरीय निकायों द्वारा व्ययन की गयी परिसंपत्तियों के भू-भाटक/किराये के ऐसे प्रकरण जिनमें अधिभार सहित कुल देय राशि 20 हजार से 50 हजार रूपये तक बकाया होगी उनमें मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत और नगरीय निकायों द्वारा व्ययन की गयी परिसंपत्तियों के भू-भाटक/किराये के ऐसे प्रकरण जिनमें अधिभार सहित कुल देय राशि 50 हजार से अधिक बकाया होगी उनमें मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

जल उपभोक्ता प्रभार/जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 10 हजार रूपये तक बकाया होगी उनमें मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट, जल उपभोक्ता प्रभार/जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 10 हजार से अधिक तथा 50 हजार तक बकाया होगी उनमें मात्र अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट और जल उपभोक्ता प्रभार/जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार से अधिक बकाया होगी उनमें मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट दी जायेगी।

छूट ऐसे करदाता/नागरिकों को प्राप्त होगी जो 31 अगस्त 2021 तक लंबित देय राशि का भुगतान करेंगे। यह छूट मात्र अधिभार पर लागू होगी तथा ब्याज, स्टॉम्प ड्यूटी मूल कर, मूल उपभोक्ता प्रभार अथवा मूल भू भाटक/किराये पर लागू नहीं होगी।

प्रभात 9/6/21

# चौमुखीपुल में छोटे व्यापारियों ने लगाईं दुकानें तो हटाया, माणकचौक क्षेत्र में नहीं कोई पाबंदी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिला प्रशासन ने लेफ्ट और राइट साइड पर दुकानें खोलने के आदेश तो जारी कर दिए। लेकिन सड़क किनारे ठेले पर कारोबार करने वाले छोटे व्यापारी, फुटकर और छोटे व्यापारियों को अब तक दुकानें खोलने का आदेश जारी नहीं किए हैं। ये दुकानें खोल रहे हैं तो इन्हें हटाया जा रहा है।

मंगलवार को चौमुखीपुल पर फुटकर कारोबारियों ने दुकानें लगाईं तो पुलिस पहुंची और इन्हें हटा दिया। पुलिस ने कहा कि छोटे कारोबारियों को अभी कारोबार करने का आदेश नहीं है। आदेश आएगा तब लगाना। जबकि त्रिपोलिया गेट पर तो फुटकर कारोबारी दुकान लगाकर कारोबार कर रहे हैं, लेकिन उन्हें नहीं हटाया जा रहा है। यही नहीं माणकचौक थाने के पास ठेले पर कारोबार शुरू हो गया है लेकिन यहां नहीं हटाया जा रहा है। इस भेदभाव को लेकर फुटकर और ठेले पर कारोबार करने वालों में नाराजी है।



माणकचौक क्षेत्र में इस तरह ठेलों पर व्यापार कर रहे छोटे दुकानदार।

## सभी दुकानें खोली जाएं

फुटकर दुकान लगाने वाले प्रदीप कसेरा ने बताया शोरूम और बड़े दुकानदारों को तो दुकानें खोलने की छूट दे दी है लेकिन छोटे व्यापारियों और ठेले पर कारोबार करने वालों को छूट नहीं दी गई है। जबकि दो महीने हो गए हैं। ऐसे में आर्थिक परेशानी से जूझना पड़ रहा है। कई लोग तो कर्ज लेकर अपना घर का खर्च चला रहे हैं। यहीं कहीं दुकानें लगाने की छूट दी जा रही है तो कहीं नहीं। ये भेदभाव क्यों किया जा रहा है।

दै. भास्कर 9/6/21

# नगर निगम पार्किंग में खड़ी बाइक में आग लगी




नगर निगम पार्किंग मे जलती बाइक। ●नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। नगर निगम परिसर के मुख्य गेट से लगी पार्किंग में खड़ी एक बाइक में अचानक आग लग गई। इससे नगर निगम परिसर में हड़कंप मच गया और मौके पर भीड़ जमा हो गई। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। बाइक के पास अन्य वाहन भी खड़े थे, यदि समय पर आग नहीं बुझाई जाती तो अन्य वाहनों में भी आग लगने की आशंका थी।

जानकारी के अनुसार नगर निगम के पशु वाहन का चालक दिनेश निवासी मोतीनगर अपनी बाइक पार्किंग में खड़ी कर निगम भवन में गया था। शाम 4.55 बजे अचानक बाइक में आग लग गई। कुछ ही देर में बाइक से लपटें निकलने लगी। पास में स्थित फायर ब्रिगेड के कर्मचारी अग्निशमन यंत्र लेकर पहुंचे और आग बुझाने लगे। कुछ देर बाद कर्मचारी दमकल भी ले आए और 10 से 15 मिनट में आग बुझा दी। आग लगने के कारणों का पता नहीं चला है।

नईदुनिया/21. 9/6/21



# शहर कांग्रेस कमेटी ने विभिन्न मांगों को लेकर जिलाधीश महोदय को सौंपा ज्ञापन!

रतलाम। कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने एक ज्ञापन माननीय जिलाधीश महोदय को दिया! ज्ञापन में मांग की है कांग्रेस द्वारा करोना काल में राजनीति से परे हटकर सर्वजन की मदद हेतु कार्य किया गया है! उसके उपरांत भी प्रशासन द्वारा उनकी अनदेखी की जा रही है! नगर निगम द्वारा वार्ड स्तर पर आपदा समितियां बनाई गई। उसमें सिर्फ भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों को लिया गया कांग्रेस के निर्वाचित प्रतिनिधियों को भी अवसर नहीं दिया गया। इसी प्रकार शासन ने मुफ्त राशन के लिए पात्रता पर्चियां बनाई नगर निगम द्वारा अपने कर्मचारियों से ना वितरित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों को सौंप दी गई है!

वैक्सीनेशन केंद्र बनाने की अनुशंसा भी राजनीतिक आधार पर की जा रही है। गांधीनगर में सर्व सुविधा युक्त अंबेडकर भवन को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी मंडल कार्यालय पर केंद्र बनाया गया जो कि राजनीतिक लाभ पहुंचाने के हिसाब से बनाया गया! साथ ही श्री कटारिया ने रतलाम शहर को पूर्णतया खोलने की की मांग की है! ताकि शहर की व्यापारिक गतिविधियां ठीक ठाक चल सके!

प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों की अंतिम किस्त बाकी है वह जल्द से जल्द देने का आग्रह किया गया ताकि वर्षा काल के पूर्व छत का कार्य पूर्ण कर सकें। ज्ञापन देने में साथ में मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल सचिव श्री रजनीकांत व्यास ब्लॉक अध्यक्ष कमरुद्दीन कछवाहा यंग ब्रिगेड सेवादल अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा उपस्थित थे।

स्वदेश ज्योति 9/6/21

## कन्टेनमेंट क्षेत्रों में किया जा रहा है सेनेटाईजेशन का कार्य

**रतलाम।** कोविड-19 (कोरोना वायरस) के फैलाव को रोकने हेतु जिला कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कोरोना संक्रमित मरीज पाये जाने पर बनाये गये कन्टेनमेंट क्षेत्रों में फायर लॉरी, ट्रेक्टर ट्रॉली व हैण्ड स्प्रे मशीन से सेनेटाईजेशन किया जा रहा है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कोरोना संक्रमित मरीज पाये जाने पर बनाये गये विभिन्न कन्टेनमेंट क्षेत्रों में फायर लॉरी, ट्रेक्टर- ट्रॉली व हैण्ड स्प्रे मशीन से कन्टेनमेंट क्षेत्रों में नियमित रूप से पानी में 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर सेनेटाईजेशन का कार्य झोन अनुसार नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है ताकि कोविड-19 (कोरोना वायरस) के फैलाव को रोका जा सके। 5/6/21

## नगर में प्रतिदिन किया जा रहा है सेनेटाईजेशन

**रतलाम।** नगर के नागरिकों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाने हेतु जिला कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार निगम के विभिन्न वाहनों के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराईड से सेनेटराईज किया जा रहा है, साथ ही माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्रों में भी हैण्ड मशीन से सेनेटाईजेशन किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लॉरी व ट्रेक्टर ट्रॉली से नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर 1 लाख लीटर से सेनेटराईज किया जा रहा है। 08 जून को फायर लॉरी व ट्रेक्टर-ट्रॉली से मेडिकल कालेज सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सेनेटाईजेशन किया गया। इसके अलावा 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैण्ड मशीन के माध्यम से मेडिकल कॉलेज, माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्र, कलेक्टोरेट, ई-दक्ष कार्यालय, नगर निगम कार्यालय सहित शासकीय कार्यालयों आदि में सेनेटराईजेशन का कार्य किया गया। नगर के सेनेटराईज किये जाने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई का कार्य किया जा रहा है व सफाई उपरान्त सफाई स्थल व नालियों में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

## अनलाक का एक सप्ताह पूर्ण होने पर आज होगी समीक्षा

**रतलाम।** विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि नौ जून को शाम चार बजे जिला क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी की बैठक होगी। इसमें बुधवार से शुरू हुए अनलाक में एक सप्ताह की व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाएगी। समीक्षा उपरांत कमेटी द्वारा जनहित में भविष्य की व्यवस्थाओं के लिए निर्णय लिए जाएंगे। पिछली बैठक में तय किया गया था कि तीन दिन बाद सप्ताह पूर्ण होने पर शहर हित में सभी छूटों और प्रतिबंधों पर विचार कर नए निर्णय लिए जाएंगे।

## 45 प्लस को कोविशिल्ड के दोनों डोज़ का टीकाकरण अलकापुरी कम्युनिटी हॉल पर किया जाएगा

**रतलाम।** सीएमएचओ डॉक्टर प्रभाकर ननावरे ने बताया कि रतलाम शहर में 9 जून बुधवार को 45 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को केवल जन्म दिनांक दर्शाने वाले आईडी के आधार पर सीधे ऑन स्पाट बुकिंग के आधार पर टीके लगाए जाएंगे। इसके लिए रतलाम शहर में कम्युनिटी हॉल अलकापुरी रतलाम पर 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का कोविशिल्ड के पहले और दूसरे डोज़ का टीकाकरण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कोविशिल्ड के पहले और दूसरे टीके के मध्य 84 दिन का अंतर होना अनिवार्य है। 5/6/21

निगम पहुंच कलेक्टर ने किया स्वच्छता का ऑडिट

# कलेक्टर की सख्ती : 21 जून आपकी, सुधार नहीं दिखा तो 22 जून को करूंगा बड़ी कार्रवाई

पत्रिका लाइव रिपोर्ट

### स्वच्छता में काम करने के तरीके पर जताई नाराजगी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर को स्वच्छता की रैंकिंग में नंबर एक बनाने के लिए अब नगर निगम प्रशासक व कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने भी कमर कस ली है। मंगलवार को स्वच्छता विभाग के वार्डों के उपयंत्रियों को प्रशासक कुमार ने एक पखवाड़े याने की 15 दिन का समय दिया। अगर स्वच्छता में सुधार नहीं हुआ तो बड़ी कार्रवाई होगी। कलेक्टर ने करीब तीन घंटे तक की बैठक में जब एक एक उपयंत्री से वार्डों के मोहल्लों में कितने कर्मचारी मंगलवार को काम से अनुपस्थित रहे इसकी जानकारी मांगी तो कोई भी जवाब नहीं दे पाया। इसके बाद कलेक्टर ने साफ कह दिया की अब बड़ी कार्रवाई को तैयार रहे।

शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार लाये जाने हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक कुमार ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के साथ सफाई व्यवस्था से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर 15 दिवस में अपने स्तर पर सुधार लाने को कहा। बैठक की शुरुआत दोपहर करीब 2 बजे की। इस दौरान सबसे पहले एक एक उपयंत्री जो वार्डों में स्वच्छता के पर्यवेक्षक कहलाते हैं, से वार्ड के बारे में कितनी जानकारी है, कितने कर्मचारी हैं, मंगलवार को कितने कर्मचारी काम से अनुपस्थित रहे जब यह सवाल किए तो कोई भी जानकारी नहीं दे पाया। जब स्वच्छता विभाग के कर्मचारी जवाब देने को खड़े हुए तो उनको बैठा दिया।



सिटी इंजीनियर जायसवाल से नाराज होते कलेक्टर।

### कार्यपालन यंत्री को दो टूक

इसके बाद कलेक्टर ने निगम के लोकनिर्माण विभाग के कार्यपालनयंत्री जीके जायसवाल को दो टूक कह दिया कि अपने कर्मचारियों को काम करना सीखा दें। अगर कोई को काम नहीं करना है तो हमको काम करवाना व फिर भी नहीं सुधरे तो दूसरा रास्ता बताना आता है। प्रशासक ने कहा शहर के 49 वार्डों के प्रत्येक घरों से कचरा संग्रहण किया जा रहा है तो शहर के विभिन्न स्थानों, सड़कों, नाले-नालियों आदि में कचरा क्यों दिखाई दे रहा है।

### एक पखवाड़े का समय दिया

प्रशासक कुमार ने शहर की फाई व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त नाये जाने सफाई व्यवस्था से ड़े अधिकारी एवं कर्मचारियों ो साफ कहा वे 15 दिनों में अपने र पर सफाई व्यवस्था में ावश्यक रूप से सुधार कर लेवे न्यथा संबंधित के विरुद्ध ण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी। इके लिए 21 जून तक का समय िया व 22 जून को फिर बैठक ी बात कही।

पत्रिका 9/6/21

# 15 दिनों में सफाई व्यवस्था में सुधार करें–कलेक्टर

रतलाम । शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार लाये जाने हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम कुमार पुरूषोत्तम ने निगमायुक्त सोमनाथ झारिया के साथ सफाई व्यवस्था से जुड़े अधिकारी

## ▸ निगम अधिकारियों की बैठक लेकर दिये निर्देश

एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर 15 दिवस में अपने स्तर पर सुधार लाने के निर्देश दिये।

कलेक्टर व प्रशासक श्री पुरूषोत्तम ने आयोजित बैठक में कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के 49 वार्डो के प्रत्येक घरों से कचरा संग्रहण किया जा रहा है तो शहर के विभिन्न स्थानों, सड़कों, नाले-नालियों आदि में कचरा क्यों दिखाई दे रहा है। उन्होने निर्देशित किया कि रूट चार्ट अनुसार कचरा संग्रहण वाहन घर-घर से कचरा संग्रहण का कार्य करें व इसकी पुरी निगरानी जीपीएस से की जाये साथ ही वाहन के चालक व हैल्पर समय पर अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित रहे व समय पर वाहन वार्डो में लेकर जायें।



बैठक में कलेक्टर श्री पुरूषोत्तम ने कहा कि कचरा संग्रहण वाहन से घर-घर से 100 प्रतिशत कचरा संग्रहण हो यह जिम्मेदारी नियुक्त पर्यवेक्षक व झोन प्रभारी की है वे यह कार्य सतर्कता के साथ करें।

कलेक्टर श्री पुरूषोत्तम ने झोन प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे वार्ड में कार्यरत सफाई संरक्षकों का ड्यूटी आदेश बनाये व आदेश अनुसार कर्मचारियों से सफाई का कार्य लेवें कर्मचारी यदि आदेश अनुसार कार्य नहीं करता है तो अपने उच्च अधिकारी को इसकी जानकारी देवें। शहर की सफाई व्यवस्था के संबंध में स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह से जानकारी लेकर कलेक्टर ने कहा कि वे झोन प्रभारी, वार्ड प्रभारी व सफाई संरक्षकों पर कन्ट्रोल कर सफाई का कार्य लेवें। उन्होने निर्देशित किया सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जावेगी शहर में कहीं भी गंदगी दिखाई देती है तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी पर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री पुरूषोत्तम ने शहर की सफाई व्यवस्था को चुस्त-दुरूस्त बनाये जाने हेतु सफाई व्यवस्था से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे 15 दिनों में अपने स्तर पर सफाई व्यवस्था में आवश्यक रूप से सुधार कर लेवे अन्यथा संबंधित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी। बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी के अलावा निगम अधिकारी सत्यप्रकाश आचार्य, एम.के. जैन, जसवन्त जोशी, सुभाष गोयल, रामचन्द्र शर्मा, सुहास पंडित, बी.एम. चौधरी, राजेश पाटीदार, सिद्धार्थ सोनी, विकास मरकाम, ब्रजेश कुशवाह, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, नितिन तिवारी, धर्मेन्द्र दोगाया, देवेन्द्र पुरोहित, पर्वत हाड़े, किरण चौहान, विनय चौहान, विराट मेहरा आदि उपस्थित थे।

[illegible] 9/6/21

# सात दिन में 105 नए पाजिटिव, 508 डिस्चार्ज

## कोरोना से जीत की ओर : बीते पांच दिन से एक भी मौत नहीं, सभी महसूस कर रहे राहत

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर का कहर काबू में जरूर आ गया है, लेकिन कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है। जिले में हर दिन नए मरीज मिलने का सिलसिला जारी है। हालांकि नए संक्रमितों की संख्या में अप्रत्याशित कमी आई है और स्वस्थ होने वालों का आंकड़ा बढ़ा है। एक्टिव केस की संख्या में घटकर 400 के अंदर आ गई है। बीते पांच दिनों से एक भी मौत नहीं हुई है। इससे शासन-प्रशासन के साथ जिलेवासी राहत महसूस कर रहे हैं।

अप्रैल-मई में चरम पर पहुंचे कोरोना संक्रमण ने शासन-प्रशासन के साथ जिलेवासियों की सांसें फूला दी थी। इसके बाद लगातार व्यवस्थाओं में बदलाव और सख्ती से स्थिति काबू में आ गई है। जिला भी अनलाक हो गया है और छूट का दायरा बढ़ाया जा रहा है, लेकिन बाजार में कई जगह लापरवाही देखने को मिल रही है। इससे संक्रमण फैलने खतरा टला नहीं है। अनलाक में भी कोविड-19 नियमों का सख्ती से पालन जरूरी है। जून के सात दिनों में 105 नए पाजिटिव केस सामने आए हैं, वहीं 508 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया है। जून के पहले दो दिन क्रमशः दो व एक मौत हुई है। इसके बाद पांच दिनों से मौत का सिलसिला थमने से सभी राहत महसूस कर रहे हैं।


### शासकीय मेडिकल कालेज में 482 बेड खाली

शासकीय मेडिकल कालेज हास्पिटल से मंगलवार को छह व्यक्ति स्वस्थ होकर घर लौटे। डिस्चार्ज होते समय इन लोगों ने कोविड के नियमों का पालन करने तथा स्वजनों को भी सभी नियमों का पालन कराने का संकल्प लिया।

डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि मात्र दो नए मरीज भर्ती हुए। मेडिकल कालेज हास्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550 है। आइसीयू बेड 56 में से 21 पर पेशेंट हैं। एचडीयू में 172 बेड में 16 पर पेशेंट हैं। आक्सीजन बेड 180 में 26 पर पेशेंट हैं। नान आक्सीजन बेड 142 में से छह पर पेशेंट भर्ती हैं। कुल 68 पेशेंट हास्पिटल में भर्ती हैं। इनमें 37 पाजिटिव तथा शेष सस्पेक्टेड या आक्सीजन लेवल वाले हैं। हास्पिटल में रिक्त बेड 482 हैं। रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार अब तक टोटल रिसीव्ड 7580, डिस्ट्रीब्यूटेड 1557, कन्ज्यूम्ड 5925, करंट स्टाक 98 है।


### आठवें दिन 11 नए पाजिटिव

जिले में जून के आठवें दिन मंगलवार को 11 नए पाजिटिव केस सामने आए। 24 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 331 है। जिले में अब तक 17418 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 16779 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 308 है।



कोरोना काल में कई लोग बुरी तरह प्रभावित हुए है। इसके बाद भी कई लोग अब भी लापरवाही बरत रहे है। कोरोना से बचाव के लिए मास्क के साथ शारीरिक दूरी का पालन करना जरूरी है। सावधानी ही इस संक्रमण से बचा सकती है। हमें अपनी बारी आने पर टीका जरूर लगवाना है।

– भंवरलाल शर्मा, समाजसेवी, आलोट






कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर में हमने अपने कई लोगों को खो दिया है और कई घर उजड़ गए है। फिर भी लोग बेवजह बिना मास्क के घर से बाहर निकल रहे है। पुलिस एवं प्रशासन को बार-बार चालानी कार्रवाई करना पड़ रही है। यह चालानी कार्रवाई आपको संक्रमण से बचाने के लिए है।

–विमल एफ. जैन, अभिभावक, आलोट

नईदुनिया 9/6/21

### नई स्वास्थ्य योजनाओं का अनुमोदन स्वास्थ्य समिति की बैठक में किया

# 14 प्राथमिक तथा 47 नवीन उपस्वास्थ्य केन्द्र प्रारंभ करेंगे

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

राज्य शासन द्वारा जिले में नई स्वास्थ्य संस्थाओं की मंजूरी दी गई है जिनका अनुमोदन जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक ने किया गया। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्वास्थ समिति की बैठक में बताया गया कि आगामी 3 सालों में 65 नवीन स्वास्थ संस्थाओं का प्रारंभ किया जाएगा। इनमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य. केंद्र तथा उपस्वास्थ्य केंद्र सम्मिलित हैं।

बैठक में बताया गया कि वर्ष 2021-22 से लेकर 2023 तक की कार्य योजना के तहत जिले में 4 नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाए जाएंगे। इसी वर्ष सैलाना विकासखंड के ग्राम सरवन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपग्रेड किया जाएगा। इसी प्रकार 14 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा 47 नवीन उपस्वास्थ्य केंद्र आरंभ किए जाएंगे, इससे ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाएं बेहतर रूप से मुहैया हो सकेंगी।

## चुनाव के समान वैक्सीनेशन का कार्य किया जाए

कलेक्टर द्वारा जिले में कोविड-19 टीकाकरण की भी समीक्षा की गई। बाजना, सैलाना तथा आलोट में प्रगति कमजोर पाई गई। कलेक्टर द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को माइक्रो प्लानिंग के निर्देश दिए गए। सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिस प्रकार चुनाव में कार्य किया जाता है। उसी प्रकार वैक्सीनेशन के लिए कार्य किया जाए। बूथवार कर्मचारी तैनात किए जाएं। ग्राम पंचायत के सचिव तथा पटवारी के पास सूची अपडेट रहे, उनके पास जानकारी से कि गांव में कितने लोगों को वैक्सीन नहीं लगा है।

## उचित मूल्य की दुकानों पर आयुष्मान कैम्प लगाए

आयुष्मान कार्ड निर्माण की भी समीक्षा की गई। निर्देश दिए कि उचित मूल्य दुकानों पर आयुष्मान कार्ड निर्माण के कैंप लगाए जाएं। कलेक्टर ने कहा कि उचित मूल्य की दुकानों पर आयुष्मान कार्ड के पात्र परिवारों का डॉटा बेहतर रूप से प्राप्त हो सकेगा। अनमोल पोर्टल पर डॉटा एंट्री की समीक्षा के दौरान कलेक्टर द्वारा पाया गया एएनएम के माध्यम से कराई जाने वाली डॉटा एंट्री कार्य में रुचि नहीं ली जा रही है। इस पर कलेक्टर द्वारा सख्त नाराजगी व्यक्त की जाकर निर्देशित किया गया कि डॉटा एंट्री में कोताही नहीं बरती जाए। स्वदेश

स्वदेश 9/6/21

(22)

# शहर को पूरी तरह से खोल दिया जाए

## कलेक्टर को ज्ञापन देकर शहर कांग्रेस कमेटी ने की मांग

भास्कर संवाददाता | रतलाम



कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए।

शहर में कोरोना पॉजिटिव केस कम हो चुके हैं। अब ऐसी स्थिति नहीं है कि शर्तों के अनुसार शहर को खोला जाए। अब शहर को पूर्ण रूप से खोल दिया जाए ताकि व्यापारिक गतिविधियां ठीक-ठाक चलती रहे।


यह मांग कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम को दिए ज्ञापन के माध्यम से की। ज्ञापन में उन्होंने बताया कांग्रेस ने करोना काल में राजनीति से परे हटकर कार्य किया है। उसके बाद भी प्रशासन द्वारा उनकी अनदेखी की जा रही है। नगर निगम द्वारा वार्ड स्तर पर आपदा समितियां बनाई गईं जिसमें सिर्फ भाजपा के पदाधिकारियों को लिया गया। इसमें कांग्रेस के निर्वाचित प्रतिनिधियों को भी अवसर नहीं दिया गया। वहीं शासन ने मुफ्त राशन के लिए पात्रता पर्चियां बनाई जिन्हें नगर निगम द्वारा अपने कर्मचारियों से ना बंटवाते हुए भाजपा के पदाधिकारियों को दे दी गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वैक्सीनेशन केंद्र बनाने की अनुशंसा भी राजनीतिक आधार पर की जा रही है। ज्ञापन के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों की अंतिम किस्त बाकी है वह जल्द देने का आग्रह किया गया ताकि बारिश के पहले छत का कार्य पूर्ण कर सकें। इस दौरान म़प्र कांग्रेस सेवादल सचिव रजनीकांत व्यास, ब्लॉक अध्यक्ष कमरुद्दीन कछवाहा, यंग ब्रिगेड सेवादल अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा मौजूद थे।

दै. भास्कर 9/6/21


## हितग्राहियों को अंतिम किस्त देने की मांग

रतलाम। शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम को ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया गया कि कांग्रेस द्वारा कोरोना काल में राजनीति से परे हटकर सर्वजन की मदद हेतु कार्य किया गया है। उसके उपरांत भी प्रशासन द्वारा उनकी अनदेखी की जा रही है। नगर निगम द्वारा वार्ड स्तर पर आपदा समितियां बनाई गई हैं। उनमें सिर्फ भाजपा के पदाधिकारियों को लिया गया है। कांग्रेस के निर्वाचित प्रतिनिधियों को भी अवसर नहीं दिया गया।

इसी प्रकार शासन ने मुफ्त राशन के लिए पात्रता पर्चियां बनाईं। नगर निगम द्वारा अपने कर्मचारियों से ना वितरित करते हुए भाजपा के पदाधिकारियों को सौंप दी गई है। वैक्सीनेशन केंद्र बनाने की अनुशंसा भी राजनीतिक आधार पर की जा रही है। गांधीनगर में सर्वसुविधायुक्त आंबेडकर भवन को छोड़कर भाजपा मंडल कार्यालय को केंद्र बनाया गया है। कटारिया ने शहर को पूरी तरह खोलने की भी मांग की है, ताकि शहर की व्यापारिक गतिविधियां ठीक ठाक चल सके। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों की अंतिम किस्त बाकी है, वह जल्द से जल्द देने का आग्रह किया गया। कांग्रेस सेवादल सचिव रजनीकांत व्यास, ब्लाक अध्यक्ष कमरुद्दीन कछवाहा, यंग ब्रिगेड सेवादल अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा उपस्थित थे।



कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम को ज्ञापन सौंपते हुए महेंद्र कटारिया।



# नाले से निकाली गाद



नाले से गाद निकालती हुई जेसीबी ।●नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में वर्षाकाल के पहले नगर निगम द्वारा नाले-नालियों की सफाई का कार्य किया जा रहा है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अलकापुरी, मोमिनपुरा, नगर निगम के पीछे से बाईजी का वास तक, शास्त्री नगर, चौमुखी पुल व बोहरा बाखल वाले नाले की सफाई का कार्य स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह के निर्देशन में जेसीबी मशीन, ट्रैक्टर-ट्राली व गैंग के माध्यम से किया गया। सफाई उपरांत नालों व नालियों में केसोलिक व ब्लीचिंग कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया।

नईदुनिया 9/6/21

(3)



# निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा सफाई व 4 लेन निर्माण का निरीक्षण

## सफाई कार्य में लापरवाही बरतने पर होगी दण्डात्मक कार्यवाही

## चारा जब्त कर गौशाला की गायों को खिलाया

रतलाम । कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार शहर में सफाई कार्य व दो बत्ती क्षेत्र में निर्माणाधीन 4 लेन सड़क निर्माण कार्य पर सतत् निगरानी रखी जाकर निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है।

निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा प्रातः कार्यपालन यंत्री श्री जी.के. जायसवाल के साथ दो बत्ती से काला घोड़ा चौराहा तक निर्माणाधीन सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण कर ठेकेदार से कार्य की प्रगति की जानकारी ली। निगम आयुक्त श्री झारिया ने ठेकेदार को निर्देशित किया सड़क के एक ओर चल रहे सड़क निर्माण का कार्य 3 दिवस में पूर्ण करें तथा कार्य की तीव्रता के साथ गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखें। इस अवसर पर उन्होंने स्ट्रॉम वॉटर निकासी हेतु पाईप उचित ढलान में डालने के निर्देश दिये ताकि बारिश के पानी के बहाव में सुगमता होकर जल भराव की स्थिति उत्पन्न ना हो।

इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने कोठारी मार्केट के अन्दर के हिस्से का निरीक्षण किया व निरीक्षण के दौरान अन्दर दुकानदारों द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटाने के निर्देश कार्यपालन यंत्री श्री जायसवाल को दिये।

इसके पश्चात निगम आयुक्त श्री झारिया ने शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए चौमुखी पुल क्षेत्र में चल रहे नाला सफाई कार्य का निरीक्षण कर कार्यपालन यंत्री श्री जायसवाल को निर्देशित किया कि नाले के पानी के बहाव में सुगमता हो इस हेतु कार्ययोजना तैयार की जाये इसके अलावा घांस बाजार में नाले के क्रॉस ड्रेन क्षतिग्रस्त होने से उसके नव निर्माण हेतु भी निर्देशित किया।

त्रिवेणी क्षेत्र की सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान गौशाला के सामने खुले में चारा विक्रय होता पाये जाने पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने संबंधितों को चारा जब्त कर उसी समय गौशाला की गायों को खाने हेतु कर्मचारियों के द्वारा डाला गया। निगम आयुक्त श्री झारिया ने चारा विक्रय करने वालो को निर्देशित किया कि भविष्य में चारा विक्रय करते पाये जाने पर जुर्माने की कार्यवाही कर ठेला व चारा जब्त कर लिया जायेगा। क्षेत्र में स्वच्छंद रूप से मवेशी विचरण करते पाये जाने पर स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह को निर्देशित किया कि मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही तत्परता से की जाये इस कार्य में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने स्वास्थ्य अधिकारी श्री सिंह को निर्देशित किया कि नगर के प्रत्येक वार्ड में सफाई कर्मचारियों के नाम, पदनाम, मोबाईल नम्बर, हाजरी का स्थल, वार्ड प्रभारी, झोन प्रभारी, स्वास्थ्य अधिकारी के नाम एवं मोबाईल नम्बर की जानकारी का फ्लेक्स होर्डिंग आज की तारिख में अनिवार्य रूप से लगवायें ताकि सभी को कर्मचारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त हो सकें कि उनके वार्ड में सफाई कार्य हेतु कौन-कौन व कितनी संख्या में कर्मचारी कार्यरत है।

9/6/21

11

# दूसरी बार लगी आग : नगर निगम में खड़ी बाइक जली, पास में खड़ी अन्य बाइक को नहीं हटाते तो हो जाती बड़ी दुर्घटना



**रतलाम** | नगर निगम परिसर में पार्किंग में खड़ी बाइक में मंगलवार शाम को आग लग गई। आग की सूचना से परिसर में हड़बड़ी मच गई। पास में अन्य कर्मचारियों की बाइक खड़ी थी। इससे उन्हें तत्काल हटाया गया। सूचना पर फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। बाइक पशु वाहन के चालक दिनेश मईड़ा की थी। वे पार्किंग में खड़ी कर गए थे कि आग लग गई। एक महीने पहले निगम के रिकॉर्ड रूम में आग लग गई थी। इस पर फायर ब्रिगेड ने ही आग पर काबू पाया था।

# निगम परिसर में खड़ी बाइक में लगी आग



**रतलाम.** नगर निगम में दो पहिया वाहन की पार्किंग क्षेत्र में एक कर्मचारी की खड़ी बाइक में स्वयं ही आग लग गई। घटना तब हुई जब निगम प्रशासक व कलेक्टर बैठक कक्ष में कर्मचारियों के द्वारा स्वच्छता अभियान में किए जा रहे कार्य का ऑडिट कर रहे थे। निगम कर्मचारियों ने बताया कि निगम के स्वच्छता विभाग में काम करने वाले कर्मचारी दिनेश की बाइक निगम क्षेत्र में खड़ी थी। दिनेश मवेशी पकड़ने के अभियान में गया हुआ था। इसी बीच अचानक बाइक में आग लग गई व धुआं निकलने लगा। करीब 10 मिनट में बाइक पर लगी आग पर काबू पाया गया। बता दे कि इसके पूर्व निगम के लोकनिर्माण विभाग के स्टोर कक्ष में इसी प्रकार की आग लगी थी, जिसको काबू पाने में काफी समय निगम की दमकल को लगा था।

## कलेक्टर के पास जाकर दिया ज्ञापन

# भाजपा की ओर से पात्रता पर्ची वितरण पर कांग्रेस को एतराज



रतलाम. शहर में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा वार्ड वार्ड में जाकर वितरीत की जा रही पात्रता पर्ची व नगर निगम द्वारा बनाई गई समिति पर कांग्रेस को एतराज है। कांग्रेस का कहना है कि भाजपा कार्यकर्ता सरकारी दस्तावेज का वितरण किस अधिकार से कर सकते हैं। इसके खिलाफ मंगलवार को शहर कांग्रेस ने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम को जाकर ज्ञापन दिया है।

कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने कलेक्टर को ज्ञापन देते हुए कहा कांग्रेस द्वारा कोरोना काल में राजनीति से परे हटकर सर्वजन की मदद हेतु कार्य किया गया है। उसके बाद भी प्रशासन द्वारा कांग्रेस की अनदेखी की जा रही है। नगर निगम द्वारा वार्ड स्तर पर आपदा समितियां बनाई गई। इन समिति में सिर्फ भाजपा पदाधिकारियों को लिया गया। कांग्रेस के निर्वाचित प्रतिनिधियों को भी अवसर नहीं दिया गया। इसी प्रकार शासन ने मुफ्त राशन के लिए पात्रता पर्चियां बनाई। इस दौरान राज्य कांग्रेस सेवादल सचिव रजनीकांत व्यास, ब्लॉक अध्यक्ष कमरुद्दीन कछवाहा, यंग ब्रिगेड सेवादल अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा उपस्थित थे।

पत्रिका 9/6/21

# अनुपस्थित 22 सफाई संरक्षक को कारण बताओ सूचना-पत्र, आधे व एक दिवस को वेतन काटा

**रतलाम।** निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा 8 जून मंगलवार को प्रातः नगर के विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान 33 सफाई संरक्षकों द्वारा अपने निर्धारित कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए जाने पर आधे व पूरे दिवस का वेतन काटे जाने के संबंध में कारण ओ सूचना-पत्र जारी कर तीन दिवस में स्पष्टीकरण चाहा गया। प्रातः निरीक्षण के दौरान झोन क्रमांक 1 में 17, झोन क्रमांक 2 में 2, झोन क्रमांक 3 में 2 व झोन क्रमांक 4 में 1 इस तरह कुल 22 सफाई संरक्षक अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधितों का आधे व एक दिवस का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

# अनुपस्थित 28 सफाई संरक्षक को कारण बताओ सूचना-पत्र

**रतलाम ●** नगर के विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान 28 सफाई संरक्षकों द्वारा अपने निर्धारित कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए जाने पर आधे व पूरे दिवस का वेतन काटे जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना-पत्र जारी कर तीन दिवस में स्पष्टीकरण चाहा गया। प्रातः निरीक्षण के दौरान झोन क्रमांक 1 में 22, झोन क्रमांक 2 में 4, झोन क्रमांक 3 में 1 व झोन क्रमांक 4 में 1 इस तरह कुल 28 सफाई संरक्षक अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधितों का आधे व एक दिवस का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

# अनुपस्थित 22 सफाई संरक्षक को नोटिस, आधे व एक दिन का वेतन काटा

# कांग्रेस का मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन



रतलाम। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने मंगलवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपाकर विभिन्न बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित करवाया और मांग भी की।

अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने बताया कि कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की है कांग्रेस द्वारा करोना काल में राजनीति से परे हटकर सर्वजन की मदद हेतु कार्य किया गया है। उसके उपरांत भी प्रशासन द्वारा उनकी अनदेखी की जा रही है। नगर निगम द्वारा वार्ड स्तर पर आपदा समितियां बनाई गई। उसमें सिर्फ भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों को लिया गया कांग्रेस के निर्वाचित प्रतिनिधियों को भी अवसर नहीं दिया गया। इसी प्रकार शासन ने मुफ्त राशन के लिए पात्रता पर्चियां बनाई नगर निगम द्वारा अपने कर्मचारियों से ना वितरित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों को सौंप दी गई है। वैक्सीनेशन केंद्र बनाने की अनुशंसा भी राजनीतिक आधार पर की जा रही है। गांधीनगर में सर्व सुविधा युक्त अंबेडकर भवन को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी मंडल कार्यालय पर केंद्र बनाया गया जो कि राजनीतिक लाभ पहुंचाने के हिसाब से बनाया गया। साथ ही श्री कटारिया ने रतलाम शहर को पूर्णतया खोलने की की मांग की है। ताकि शहर की व्यापारिक गतिविधियां ठीक ठाक चल सके। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों की अंतिम किस्त बाकी है वह जल्द से जल्द देने का आग्रह किया गया ताकि वर्षा काल के पूर्व छत का कार्य पूर्ण कर सकें। ज्ञापन देने में साथ में मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल सचिव रजनीकांत व्यास ब्लॉक अध्यक्ष कमरुद्दीन कछवाहा यंग ब्रिगेड सेवादल अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा उपस्थित थे।

नवभारत 9/6/21

**भास्कर सवाल**

## रतलाम पर इतनी पाबंदियां क्यों? भोपाल का पॉजिटिविटी रेट 2.44%, रतलाम का 0.79%

**हमारी स्थिति अच्छी फिर भी इतना भेदभाव क्यों ?**

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कल से भोपाल पूरा अनलॉक हो जाएगा... आप सोच रहे होंगे कि भोपाल की जानकारी हम आपको क्यों दे रहे हैं तो बता दें कि जब ये फैसला हुआ तब भोपाल का पॉजिटिविटी रेट 2.44% था। वहीं रतलाम का पॉजिटिविटी रेट 0.79% है। यानी कम पॉजिटिविटी रेट होने के बाद भी हम बंदिशों में ही हैं। व्यापारी लेफ्ट राइट में ही उलझे हैं, इससे खासी नाराजगी भी है। रतलाम पूरी तरह कब अनलॉक होगा... इसे लेकर अभी कुछ स्पष्ट नहीं है।

जिले में संक्रमण कम हो गया है, रोज 15 के आसपास ही पॉजिटिव आ रहे हैं। रतलाम शहर में तो सोमवार को सिर्फ 4 ही पॉजिटिव सामने आए थे। इतने कम पॉजिटिव आने के बाद भी रतलाम में अनलॉक पूरी तरह ना कर पाना, समझ से परे है। इधर इस बात से व्यापारी वर्ग में सबसे ज्यादा नाराजगी है। पिछली क्राइसिस कमेटी की बैठक में पूरी तरह अनलॉक होने के आसार थे लेकिन सिर्फ कंस्ट्रक्शन के काम को ही अनुमति दी। उधर, भोपाल में आज से दुकानों की साफ सफाई होना शुरू हो जाएगी, कल से बाजार खुलेगा। शर्त ये रहेगी कि दुकानदार और कर्मचारियों को वैक्सीनेशन करवाना होगा। इसी शर्त के साथ रतलाम भी अनलॉक हो सकता है।

व्यापारी बोले - हम परेशानी में हैं : पढ़ें | पेज 7 भी

आज भोपाल में सभी दुकानदारों और कर्मचारियों को करवाना होगा वैक्सीनेशन, इस शर्त पर ही खुल रहीं दुकानें

# लेफ्ट-राइट में उलझा रतलाम, यहां 50 फीसदी ही अनलॉक, जबकि कल से पूरा खुल जाएगा भोपाल



लेफ्ट-राइट की व्यवस्था के बीच खुला रतलाम का न्यू क्लॉथ मार्केट।

### भोपाल : वैक्सीन लगवाओ, दुकान खुलवाओ

10 जून से पूरा भोपाल अनलॉक हो जाएगा। सोमवार से शनिवार सुबह 6 से रात 8 बजे तक सभी दुकानें खुल सकेगी। इसके साथ एक शर्त ये भी जोड़ी गई है कि दुकानदार को खुद या स्टाफ को 9 जून तक वैक्सीन लगवानी होगी। 9 जून यानी आज से दुकानों के शटर खुल जाएंगे, कर्मचारियों को टीकाकरण, दुकान की साफ सफाई व वैक्सीनेशन की अनुमति देना होगी। भोपाल में वैक्सीन लगवाओ... दुकान खुलवाओ का नारा बुलंद हो रहा है।

### रतलाम : समीक्षा बैठक आज, निर्णय लेंगे

शहर विधायक चैतन्य काश्यप ने बताया 9 जून को जिला क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी की बैठक होगी। इसमें पिछले बुधवार से शुरू हुए अनलॉक में एक सप्ताह के दौरान रही व्यवस्थाओं की समीक्षा होगी। समीक्षा बाद कमेटी द्वारा जनहित में भविष्य की व्यवस्थाओं के लिए निर्णय लेंगी।

**सीधी बात**

कुमार पुरुषोत्तम, कलेक्टर, रतलाम

### संक्रमण के कारण लिया फैसला

**भास्कर - भोपाल में शर्तों के साथ 10 जून से बाजार खोलने की अनुमति दी है।**

कलेक्टर - इसकी जानकारी मिली है, हमारे यहां भी अनलॉक हो रहा है।

**भास्कर - अभी लेफ्ट-राइट सिस्टम क्यों है?**

कलेक्टर- संक्रमण के कारण ये फैसला लिया था, बुधवार को समीक्षा करेंगे।

**भास्कर - पूरी तरह अनलॉक नहीं होने से व्यापारी वर्ग में नाराजगी है?**

कलेक्टर- व्यापारी वर्ग से अपील है कि ज्यादा से ज्यादा वैक्सीनेशन करवाएं, पूरा बाजार खुलने का फैसला जल्द होगा।

दै. भास्कर 9/6/21

# 'घर-घर से कचरा कलेक्शन तो सड़क पर गंदगी क्यों'

## सफाई व्यवस्था को लेकर कलेक्टर ने ली निगम के अफसरों की बैठक

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार लाने के लिए कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने मंगलवार को सफाई व्यवस्था से जुड़े निगम के अफसरों की बैठक ली।

कलेक्टर ने अफसरों से सवाल किया की जब शहर के सभी 49 वार्डों के प्रत्येक घरों से कचरा कलेक्ट किया जा रहा है तो शहर की सड़कों, नाले-नालियों में कचरा क्यों दिखाई दे रहा है। यानी कहीं ना कहीं कोताही बरती जा रही है। कचरा संग्रहण वाहन रूट चार्ट के अनुसार चले और इसकी निगरानी जीपीएस से की जाए। वहीं वाहन के चालक व हेल्पर समय पर अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित रहें व समय पर वाहन वार्डों में ले जाएं।

## सफाई संरक्षकों का ड्यूटी आदेश बनाया जाए

कलेक्टर ने कहा कचरा संग्रहण वाहन घर-घर से 100 फीसदी कचरा संग्रहण करें। इसकी जिम्मेदारी नियुक्त पर्यवेक्षक व जोन प्रभारी की है वे यह कार्य सतर्कता के साथ करें। कलेक्टर ने जोन प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे वार्ड में कार्यरत सफाई संरक्षकों का ड्यूटी आदेश बनाएं व आदेश अनुसार कर्मचारियों से सफाई का कार्य लें। कर्मचारी यदि आदेश अनुसार कार्य नहीं करता है तो अपने उच्च अधिकारी को इसकी जानकारी दें। उन्होंने निर्देशित किया सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शहर में कहीं भी गंदगी दिखाई देती है तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। 15 दिन में आवश्यक रूप से सुधार करें।

दै. भास्कर २९/६/२१

नालों की सफाई के बाद

## ऐसा ना करें... व्यापार के साथ वैक्सीनेशन भी जरूरी

# फल व सब्जी बेचने के पंजीयन के लिए आए थे 2 हजार लोग, वैक्सीन के लिए सिर्फ 110 पहुंचे, स्टाफ भी इंतजार करता रहा

**रतलाम** | व्यापार के साथ वैक्सीनेशन भी जरूरी है क्योंकि ये वैक्सीन कोरोना को आप पर हावी नहीं होने देगी। लेकिन मंगलवार को रेलवे अधिकारी सभागृह में उलट नजारा दिखा। यहां फल-सब्जी बेचने वालों को वैक्सीन लगाई जाना थी, शाम तक सिर्फ 110 लोग ही टीका लगवाने के लिए पहुंचे। दिनभर में कई मौके ऐसे आए, जब स्टाफ फुर्सत में बैठा रहा। उधर, 31 मई को जब फल सब्जी बेचने के लिए पंजीयन करवाना था, तब कालिका माता सभागृह में भारी भीड़ उमड़ी थी। सोशल डिस्टेंसिंग की भी धज्जियां उड़ी थीं।


**लोग नहीं पहुंचे तो फोन लगाए गए :** इधर, केंद्र पर उन लोगों को ही वैक्सीन लगना थी, जिन्होंने पंजीयन करवाया है। जो लोग नहीं आए, उन्हें केंद्र पर मौजूद अधिकारियों ने फोन भी लगाए। ज्यादातर का कहना था कि उन्हें जानकारी नहीं थी। अभी सब्जी-फल बेच रहे हैं। नहीं आ सकते।

**टीके के लिए इंतजार**



रेलवे अधिकारी सभागृह में टीकाकरण के लिए इंतजार करते हुए।

**पंजीयन के लिए कतार**



ये तस्वीर 31 मई की है, कालिकामाता प्रांगण में पंजीयन के लिए ऐसी भीड़ थी।

### निगम के स्वच्छता विभाग की कार्रवाई

# 55 कर्मचारियों को नोटिस, तीन पर गंदगी करने पर लगा जुर्माना

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर में स्वच्छता के लिए सख्ती रुप अपनाए हुए नगर निगम ने एक बार फिर अपने ही कर्मचारियों पर काम नहीं करने पर गाज गिराई है। शहर के विभिन्न वार्डों में काम से नदारत पाए जाने पर 49 वार्डों में से दो दिन में 55 कर्मचारियों को वेतन काटते हुए नोटिस जारी किया है। गंदगी करने पर 3 लोगों से जुर्माना वसूला गया है।

नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह ने बताया विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान सोमवार व मंगलवार को कुल 55 सफाई संरक्षकों द्वारा अपने निर्धारित कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर आधे व पुरे दिवस का वेतन काटे जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना-पत्र जारी कर तीन दिवस में स्पष्टीकरण चाहा गया है।

## इस तरह की कार्रवाई

| वेतन काटा | सोमवार | मंगलवार |
|---|---|---|
| झोन क्र. 1 | 22 | 17 |
| झोन क्र.2 | 8 | 2 |
| झोन क्र.3 | 2 | 3 |
| झोन क्र.4 | 1 | 1 |
| कुल | 33 | 22 |

## 3 व्यक्तियों पर जुर्माना लगाकर वसूली राशि

ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। हाट रोड क्षेत्र में गंदगी व अतिक्रमण करने पर निसार एहमद, मोहम्मद सलमान व श्रीकान्त सूर्यवंशी पर 500-500 रुपये का स्पॉट फाईन किया गया है।

पत्रिका 13/6/21

# अनुपस्थित रहे 22 सफाई संरक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया

रतलाम | मंगलवार को सुबह विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था के दौरान 22 सफाई संरक्षक निर्धारित कर्तव्य स्थल पर नहीं मिले निगमायुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी ने अनुपस्थित पाए जाने पर आधे व पूरे दिन का वेतन काटे जाने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया। उनसे तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा है।

# गंदगी मिली तो जोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षक पर होगी कार्रवाई

रतलाम | शहर के वार्डों की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले-नालियों आदि समुचित सफाई के लिए जोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अगर वार्डों में गंदगी पाई गई तो संबंधितों को हटाने की कार्रवाई की जाएगी। आदेश जारी करते हुए निगमायुक्त सोमनाथ

# आठ मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा जा रहा है। इसके तहत अब तक 921 मवेशियों को पकड़कर जिले की गोशालाओं में भेजा जा चुका है। मंगलवार को त्रिवेणी, त्रिपोलिया गेट, चांदनी चौक, बाजना बस स्टैंड आदि क्षेत्रों से आठ मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए।

# अनुपस्थित 22 सफाई संरक्षकों को नोटिस

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा मंगलवार सुबह विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान जोन क्रमांक-एक में 17, जोन क्रमांक-दो में दो, जोन क्रमांक-तीन में दो व जोन क्रमांक-चार में एक सफाई संरक्षक कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए गए। इस पर आधे व पूरे दिन का वेतन काटने के संबंध में कारण बताओ सूचना-पत्र जारी कर तीन दिवस में स्पष्टीकरण चाहा गया।

प्रशासन का जोर वैक्सीनेशन पर

# प्रशासनिक आंकड़ों में जिले में कम हो रहा कोरोना संक्रमण

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. जिले में कोरोना संक्रमण की रफ्तार धीमी गति से अब भी जारी है। हालांकि राहत की बात यह है कि हर दिन स्वस्थ होने वाले मरीजों की संख्या अधिक है। नए मरीज अब गिनती के ही सामने आने लगे हैं जिसके चलते प्रदेश में रतलाम की स्थिति अब बेहतर होने लगी है। रतलाम को संक्रमण से बचाने के लिए प्रशासन के द्वारा हर दिन नए-नए प्रयोग कर लोगों को वैक्सीनेशन के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

शहर में अब तक कितने लोगों को वैक्सीन लगे हैं और कितनों को नहीं उसकी वास्तविक स्थिति पता करने के लिए प्रशासन द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं को लगाया गया है। विभाग का यह अमला हर दिन घर-घर दस्तक देकर अपने क्षेत्र की पूरी जानकारी एकत्र कर रहा है। इसमें जिस परिवार के यहां टीम जाती है उसके मुखिया का नाम, पता और मोबाइल नंबर और उसे वैक्सीन लगा है या नहीं। इसके बाद परिवार के अच्छा प्लस के अन्य सदस्यों की उम्र और संबंधित को टीका लगा कि नहीं, इसकी भी जानकारी एकत्र की जा रही है।

## शिविर लगाकर कर रहे टीकाकरण

प्रशासन का पूरा जोर इन दिनों वैक्सीनेशन पर है। अधिक से अधिक लोगों को वैक्सीन लग जाए इसके लिए नित नए प्रयास किए जा रहे हैं और इसमें काफी हद तक सफलता भी मिल रही है। व्यापारी, व्यवसायी, उद्योगों के श्रमिक, फल और सब्जी वालों के साथ ही अन्य सभी प्रकार के व्यापार व्यवसाय करने वाले लोगों के लिए अलग-अलग दिन शिविर आयोजित कर उन्हें वैक्सीनेट किया जा रहा है।

पत्रिका 9/6/21

### नगर निगम के दल पर छोड़े मवेशी

# त्रिपोलिया गेट पर निगम दल पर हमले का प्रयास

रतलाम @ पत्रिका. नगर निगम द्वारा मवेशी पकड़ने का अभियान चलाया हुआ है। जुलाई 2020 में चले इस अभियान में अब तक 921 मवेशी पकड़े गए हैं। मंगलवार को जब दल त्रिपोलिया गेट तरफ मवेशी पकड़ने गए तो एक पशु पालक ने अपने मवेशी निगम के दल पर छोड़ दिए। इसके बाद क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। बाद में निगम के स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह पहुंचे व मवेशी पालक व अधिकारी के बीच जमकर वाद विवाद हुआ।

निगम का दल मंगलवार को नियमित क्रम अनुसार मवेशी पकड़ रहा था। इस दौरान सूचना आई की त्रिपोलिया गेट तरफ एक मवेशी पालक प्रतिदिन अपने मवेशियों को सड़क पर छोड़कर अव्यवस्था बनाता है व जब पड़ोसी इस पर विरोध करते हैं तो निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को अपना मित्र बताता है। इसके बाद जब दल मवेशी पकड़ने गया तो मवेशी पालक ने बाड़े के करीब 20 मवेशी निगम के दल पर छोड़ दिए। इसके बाद कर्मचारियों में अफरा तफरी मच गई। यहां तक की जिस वाहन में मवेशियों को

## सूचना पर आए प्रभारी

कर्मचारियों ने इसकी सूचना स्वास्थ्य अधिकारी सिंह को दी। इसके बाद सिंह आए तो उनका मवेशी पालक से जमकर विवाद हुआ। घटना के प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार करीब बीस मिनट तक सड़क पर दोनों के बीच हॉट टॉक हुई। इसके बाद सड़क पर जो मवेशी निगम के दल पर छोड़े गए थे, उनको वापस भेजा गया। दल यहां से मात्र दो मवेशी ही सड़क से पकड़ पाया। हालांकि निगम के अनुसार सुबह 10 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक 8 घंटो में दल ने 8 मवेशी शहर के त्रिपोलिया गेट, चांदनीचौक, बाजना बसस्टैंड क्षेत्र से पकड़े हैं जिनको गौशाला भेजा है।

## कार्रवाई की जा रही है

दिनभर बैठकों का दौर चला तो दल पर मवेशी छोड़ने, सरकारी काम में बाधा की सूचना पर कार्रवाई तुरंत नहीं हो पाई। मामले में पूरी जानकारी ली जाकर पुलिस कार्रवाई करवाई जा रही है।

- सोमनाथ झारिया, आयुक्त

# संबल योजना में तेन्दूपत्ता संग्राहकों के पंजीयन के निर्देश जारी

रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा हाल ही में की गई घोषणा को अमल में लाने के लिए तेन्दूपत्ता संग्राहकों का संबल योजना में पंजीयन प्रारंभ हो गया है। इस संबंध में श्रम विभाग द्वारा समस्त संभागायुक्त, जिला कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत और वन मण्डल अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं।

उप सचिव, श्रम छोटे सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री जन-कल्याण योजना में असंगठित श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जा रही है। योजना में प्रदेशव्यापी अभियान चलाकर असंगठित श्रमिकों के नियोजन की 36 श्रेणियों में पंजीयन किया गया था। मुख्यमंत्री श्री चौहान की घोषणा के परिपालन तेन्दूपत्ता संग्राहकों का संबल योजना में पंजीयन की कार्यवाही शुरू की गई है। इसमें नवीन पंजीयन के लिए ई-केवायसी (आधार अभिप्रमाणन) की बाध्यता सभी तेन्दूपत्ता संग्राहक श्रमिक के पंजीयन के लिए शिथिल की गई है।

प्रदेश में मुख्यमंत्री जन-कल्याण (संबल) योजना के अन्तर्गत पंजीयन प्राधिकारी तेन्दूपत्ता संग्रहण के कार्य में संलग्न ऐसे समस्त पात्र असंगठित श्रमिकों के पंजीयन हेतु पात्रता बावत समस्त तथ्यों का सत्यापन करते हुए पंजीयन की कार्यवाही की जाएगी।

**चेतावनी**

**कलेक्टर ने निगम अधिकारियों को दिए निर्देश, कोठारी मार्केट में अतिक्रमण हटाने का कहा**

# पंद्रह दिनों में सफाई व्यवस्था सुधारें, नहीं तो होगी कार्रवाई

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर की सफाई व्यवस्था में अपने स्तर पर 15 दिन में सुधार कर लें, इसके बाद संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी। यह निर्देश मंगलवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निगम में सफाई व्यवस्था से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक में दिए।

कलेक्टर ने निगमायुक्त सोमनाथ झारिया के साथ ली बैठक में अधिकारी-कर्मचारियों से कहा कि शहर के 49 वार्डों के प्रत्येक घरों से कचरा संग्रहण किया जा रहा है तो शहर के विभिन्न स्थानों, सड़कों, नाले-नालियों आदि में कचरा क्यों दिखाई दे रहा है। रूट चार्ट अनुसार कचरा संग्रहण वाहन घर-घर से कचरा संग्रहण करें व इसकी पूरी निगरानी जीपीएस से की जाए। समय पर वाहन वार्डों में लेकर जाएं। घर-घर से 100 प्रतिशत कचरा संग्रहण हो यह जिम्मेदारी नियुक्त पर्यवेक्षक व जोन प्रभारी की है। शहर में कहीं भी गंदगी दिखाई देती है तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी पर कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, जीके जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी के अलावा निगम अधिकारी सत्यप्रकाश आचार्य, एमके जैन, आदि उपस्थित थे।



नगर निगम में बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम। ● नईदुनिया

मंगलवार सुबह निगम आयुक्त झारिया द्वारा कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल के साथ दो बत्ती से काला घोड़ा चौराहा तक निर्माणाधीन सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण कर ठेकेदार को निर्देशित किया कि सड़क निर्माण का कार्य तीन दिवस में पूरा किया जाए। आयुक्त ने कोठारी मार्केट के अंदर के हिस्से का निरीक्षण कर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश कार्यपालन यंत्री को दिए।

## वार्डों में बोर्ड पर लिखेंगे कर्मचारियों के नाम

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त झारिया ने स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह को निर्देशित किया कि वार्ड में सफाई कर्मचारियों के नाम, पदनाम, मोबाइल नंबर, हाजरी का स्थल, वार्ड प्रभारी, जोन प्रभारी, स्वास्थ्य अधिकारी के नाम व नंबर की जानकारी का फ्लेक्स अनिवार्य रूप से लगवाएं ताकि सभी को कर्मचारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त हो सके कि उनके वार्ड में कितनी संख्या में कौन-कौन कर्मचारी कार्यरत है। त्रिवेणी क्षेत्र की सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान गौशाला के सामने खुले में चारा विक्रय होता पाए जाने पर निगम आयुक्त ने संबंधितों को चारा जब्त कर उसी समय गौशाला की गायों को खाने के लिए कर्मचारियों के द्वारा डाला गया।